हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित


वर्ष: 8, अंक: 128, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 6 नवम्बर, 2023 दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

# मुझे पढ़ने की जरूरत नहीं कि गरीबी क्या है

## सिवनी में पीएम मोदी ने की मुफ्त राशन योजना को पांच साल बढ़ाने की घोषणा

सिवनी। राज्य विधानसभा चुनावों से पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश के सिवनी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना को पांच साल तक बढ़ाने के सरकार के फैसले पर अपनी घोषणा दोहराई। पीएम मोदी ने कहा, "मैं गरीबी से बाहर आया हूं, मुझे किताबों में पढ़ने की जरूरत नहीं है कि गरीबी क्या होती है।

मैं गरीबों का दर्द महसूस कर सकता हूं, इसलिए, आपके बेटे ने, आपके भाई ने, अपने मन में एक बड़ा निर्णय लिया है कि जब 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' दिसंबर में पूरी हो गई है, हम अगले 5 वर्षों के लिए मुफ्त राशन की गारंटी देंगे।" प्रधानमंत्री ने कहा कि मुफ्त राशन योजना का विस्तार मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा, "यह भाजपा है, जिसके लिए हर गरीब, पिछड़ा, दलित, आदिवासी, भाजपा परिवार का सदस्य है, मेरे परिवार का सदस्य है।" प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पार्टी पर भी परोक्ष हमला



बोला और कहा कि पार्टी पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता। कांग्रेस का नारा है 'गरीब की जेब साफ, काम आधे से भी आधा', इसका मतलब है कि कांग्रेस विकास की दिशा में काम नहीं करती है, लेकिन यह निश्चित रूप से गरीब लोगों की जेब खाली करती है।" पीएम ने कहा, "यह लोगों की गारंटी है कि भाजपा विधानसभा चुनाव जीतने जा रही है।

हमारे मध्य प्रदेश को सुशासन और विकास में निरंतरता की आवश्यकता है। पूरा राज्य कहता है 'भाजपा है तो भरोसा है, भाजपा है तो विकास है, भाजपा है' तो बेहतर भविष्य है'।" उन्होंने कहा, "मध्य प्रदेश में मोदी हर किसी के मन में हैं, युवा और बूढ़े, महिलाएं और बुजुर्ग। सिवनी इस बार फिर से भाजपा सरकार के लिए तैयार है।" इससे पहले शनिवार को पीएम मोदी ने इस महीने पांच राज्यों में होने वाले चुनाव से पहले एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा था कि उनकी सरकार ने गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री ने दुर्ग और रतलाम में अपनी चुनावी रैलियों के दौरान कांग्रेस पर हमला बोलते हुए यह घोषणा की। पीएम मोदी ने चुनाव में कहा, "मैंने फैसला किया है कि बीजेपी सरकार देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना को अगले 5 साल तक बढ़ाएगी। आपका स्नेह और आशीर्वाद मुझे ऐसे फैसले लेने की शक्ति देता है।" 90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में होंगे, जिसमें 20 सीटों के लिए पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को होगा और शेष 70 सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा। वहीं, वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

## शीर्ष अदालत ने कहा- बिना नोटिस के जमानत रद्द नहीं कर सकता हाईकोर्ट, आरोपी को मिले सुनवाई का उचित अवसर

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हाईकोर्ट वकील की चूक पर और नोटिस जारी किए बिना अपील के निलंबन पर रिहा किसी आरोपी की जमानत रद्द नहीं कर सकता है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में सीआरपीसी की धारा 389 की उप-धारा 1 के तहत किसी आरोपी को दी गई जमानत को आरोपी को सुनवाई का उचित अवसर दिए बिना रद्द नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने मद्रास हाईकोर्ट के सात जुलाई 2023 के उस आदेश को रद्द करते हुए कानूनी प्रावधानों की व्याख्या की, जिसमें पॉक्सो कानून के तहत आरोपी की जमानत रद्द कर दी गई थी, क्योंकि वकील ने अपील पर बहस की तैयारी के लिए चार सप्ताह के स्थगन की मांग की थी। पीठ ने कहा, जेल में बंद अपीलकर्ता-अभियुक्त की सजा को निलंबित करते हुए अपीलीय अदालत को अपील के अंतिम निपटान तक आरोपी को जमानत पर रिहा करना होगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि धारा 389 की उप-धारा 1 का दूसरा प्रावधान लोक अभियोजक को उप-धारा 1 के तहत दी गई जमानत को रद्द करने के लिए आवेदन दायर करने की अनुमति देता है।

## मुजफ्फरपुर में लालू-नीतीश पर जमकर बरसे अमित शाह, अयोध्या तक का कर दिया जिक्र

मुजफ्फरपुर। केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने रविवार को बिहार के मुजफ्फरपुर के पताही एयरपोर्ट मैदान में एक विशाल रैली को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कश्मीर से लेकर राम मंदिर तक का जिक्र किया। उन्होंने नीतीश कुमार को 'पलटूराम' तक करार दे दिया। अमित शाह ने संबोधन के दौरान अयोध्या का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये लालू, नीतीश और कांग्रेस राम जन्म भूमि को लटकाते रहे।

मोदी जी ने भूमि पूजन किया और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा है। मुजफ्फरपुर वालों आप भी शामिल होइए। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने कल ऐलान किया कि पांच साल तक गरीबों को और सहयोग दिया जायेगा। 26 हजार गरीबों को घर दिया। मुजफ्फरपुर वालों अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं। ये लालू नीतीश और कांग्रेस राम जन्म भूमि को लटकाते रहे। मोदी जी ने भूमि पूजन किया और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा है। मुजफ्फरपुर वालों आप भी शामिल होइए। अमित शाह ने कहा कि हमारी सरकार ने बिहार को नौ साल




में मोदी जी ने छह लाख करोड़ रुपये विकास के लिए दिए। बिहार में दो वंदे भारत ट्रेन। गया के हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण करने का काम किया है। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने आज देश के 60 करोड़ गरीबों को आगे आने का रास्ता दिया है।

लालू जी इंडिया अलाइंस का मुख्यमंत्री कौन होगा इसको लेकर घोषणा करेंगे? क्या वे अतिपिछड़ा को मौका देंगे। इनलोगों ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है। पूरा बिहार गैंगस्टर का अड्डा बना हुआ है। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि नीतीश जी शर्म करो! जिस लालू की खिलाफत कर राजनीति की और जीत दर्ज की आज उसी के साथ गलबहियां कर रहे हैं। ये परिवार की दुकान चलाने वाले लोग हैं। एक को प्रधानमंत्री तो दूसरे को मुख्यमंत्री बनना है। शाह ने कहा कि उन्होंने पहले ही कहा था कि तेल और पानी एक साथ नहीं रहते। नीतीश जी आगे आगे देखिए लालू जी आपके साथ क्या करते हैं। अब इनके पास कोई रास्ता नहीं बचा है। गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा लेकिन मोदी जी ने नौ साल में आतंकवाद से निपटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर हमारा है या नहीं। धारा 370 हटानी चाहिए या नहीं। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में चंद्रमा पर तिरंगा फहराने का काम किया। महिलाओं को 33 प्रतिशत रक्षण देकर महिला सशक्तिकरण का परिचय दिया। अमित शाह ने भाषण की शुरूआत में कहा कि मैं बिहार की सभी जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं। आपने 2014 में जीत दिलाई, 2019 में 39 सीट दिलाई। अबकी बार 2024 में आप बची हुई एक सीट का कसर भी पूरा कर दीजिए। इस बार 40 की 40 सीट हमें दे दीजिए।

## आगरा नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा, टक्कर के बाद कार पूरी तरह चिपकी, मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत

मुरादाबाद। मुरादाबाद आगरा हाईवे पर भीषण हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। जान गंवाने वालों में मां-बेटी भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि मोहम्मद इकराम की पत्नी नरगिस (48) बेटी अलफिया निवासी मुंबई कुंदरकी में हो रही शादी समारोह में भाग लेने के लिए आ रही थी। उसके साथ उनकी भांजी सिमरन (20) भी मौजूद थी। कार को नगगिस का बहनोई शंभू चला रहे थे। दिल्ली से आने के दौरान देर रात कुंदरकी के पास उसकी कार को एक वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। हाईवे पर हुए हादसे के बाद मौके पर वाहनों की कतार लग गई। बमुश्किल चारों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। तब तक तीनों महिलाएं दम तोड़ चुकी थी। चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। तीन लोगों की मौत की जानकारी मिलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। सऊदी



अरब से लौटे मोहम्मद असलम को लेकर उत्तराखंड के जसपुर अपने घर लौट रहे परिवार की कार अमरोहा नेशनल हाईवे पर गन्ना लदे ट्रक में घुस गई। हादसे में अशरफ (36) और मोहम्मद असलम (40) की मौके पर मौत हो गई। बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए। धमाके के साथ हुई टक्कर के बाद हाईवे पर वाहनों के पहिए थम गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे घायलों को निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों भाइयों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अशरफ और मोहम्मद असलम उत्तराखंड में जनपद उधम सिंह नगर के जसपुर निवासी किसान शमशाद के बेटे थे। मोहम्मद असलम एक साल से सऊदी अरब में नौकरी करते थे। अशरफ दुकान चलाते थे। शनिवार को मोहम्मद असलम सऊदी अरब से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे थे। लिहाजा उनके भाई अशरफ अपनी पत्नी शमा परवीन, असलम की पत्नी अंजुम, असलम का बेटा अदनान, बेटी विलशाद, अशरफ की बेटी शमामन और असलम का साला मोईन कार में सवार होकर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे।

## लोकसभा चुनाव से पहले सपा को यूपी में बड़ा झटका कल कांग्रेस में शामिल होंगे अखिलेश के करीबी नेता

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। दरअसल सपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव रवि वर्मा ने पार्टी इस्तीफा दे दिया था और आज रविवार को उन्होंने बताया कि वह छह नवंबर को कांग्रेस में शामिल होंगे। पूर्व सपा नेता ने पार्टी से इस्तीफा देने का कारण बताते हुए कहा- 'मैने लगभग 25 वर्षों तक समाजवादी पार्टी के लिए काम किया है। पिछले कुछ वर्षों से पार्टी कुछ नए लोगों की एंट्री हुई है। जो कि सीधे तौर पर अखिलेश यादव से मिले और पार्टी में पद ले लिया लेकिन उन्होंने कभी ग्रामीण इलाकों में चुनावी रणनीति पर काम नहीं किया है। रवि वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा- 'इस बीच ठेकेदारों और भ्रष्ट अधिकारियों का सिंडिकेट बनना शुरू हो गया। पार्टी में किसी के पास जनता के लिए काम करने का समय नहीं था। सभी पार्टी में शामिल होकर करोड़पति बनना चाहते थे और पावर हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा- जब हालात बिगड़ने लगे तो मैंने सपा छोड़कर पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा- इन मुद्दों पर मैने सीधे अखिलेश से



बात की थी लेकिन उन्होंने इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया और मुझे लगा मैं पार्टी में अपमानित महसूस कर रहा हूं। इसलिए मैने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है। अखिलेश यादव और राहुल गांधी में अच्छे नेता के सवाल पर उन्होंने कहा- मैं दोनों नेताओं में तुलना नहीं करुंगा लेकिन इस समय टाईमटेस्ट राहुल गांधी दे रहे हैं।

## बृजभूषण शरण सिंह ने किया बड़ा बयान, बोले- मुझे पूरी उम्मीद है पार्टी कैसरगंज से लड़ाएगी लोकसभा चुनाव

गोंडा। लोकसभा चुनाव कोई न कोई तो लड़ेगा, गतवर्ष जब मंडल में विपक्ष को कोई नहीं मिला तो आजमगढ़ से साहब लड़ने आए थे। पूरी उम्मीद है कि पार्टी मुझे इस बार भी कैसरगंज से ही चुनाव लड़ाएगी। ये बात रविवार को शहर के छेदीपुरवा में कपड़ा शोरूम का उद्घाटन करने आए भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कही। उन्होंने लोकसभा चुनाव जीतने व केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के सवाल पर कहा कि चाह नहीं मैं सुर बाला के गहनों में गूंथा जाऊं...। सांसद ने कहा कि मेरी इच्छा है कि मैं अपने देवीपाटन मंडल की सेवा करता रहूं। स्वस्थ, साक्षर, हरित देवीपाटन मंडल मेरा नारा है। बैंकों की मनमानी पर सवाल उठाने को लेकर कहा कि मेरा काम है सत्य बात को उठाना। इंटरनेट मीडिया पर एक भी पोस्ट मेरे बयान के खिलाफ नहीं डाली गई है। मैं अपना काम कर रहा हूं, यदि किसी को दिक्कत हो रही है तो मैं क्या करूं। राज्य विवश्वविद्यालय के मंडल मुख्यालय पर



स्थापना को लेकर कहा कि मैं तो प्रयास कर रहा हूं। ये मुख्यमंत्री जी के विवेक पर निर्भर है। गोंडा में 87, बहराइच में 46, बलरामपुर में 26 व श्रावस्ती में 11 डिग्री कालेज हैं। छात्र संख्या गोंडा की अधिक है, ये मंडल का मुख्यालय है, कमिश्नरी है डीआइजी भी बैठते हैं, लेकिन यदि शासन ने निर्णय लिया है कि विश्वविद्यालय बलरामपुर में बने तो इसके पीछे कोई ठोस वजह होगी। ढेमवाघाट मार्ग को लेकर सांसद ने कहा कि संबंधित अधिकारी ध्यान दें। विपक्ष के जातिगत जनगणना कराने की मांग पर कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने जातिगत जनगणन की बात कही है। छत्तीसगढ़ में महादेव एप घोटाले पर सांसद ने सवाल किया क्या, चुनाव के समय संवैधानिक संस्थाओं को कार्य बंद कर देना चाहिए। उन्हीं के किसी आदमी ने बयान दिया है कि मैंने पैसा मुख्यमंत्री को पहुंचाया है। हमें लगता है ये लोग फंस चुके हैं। आइएनडीआइए गठबंधन को लेकर कहा कि मुझे ये गठबंधन बनता नहीं दिखाई दे रहा है। कांग्रेस भ्रमित है, गठबंधन के सहयोगी दलों के बयान आ चुके हैं। भाजपा की सरकार बनेगी और मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे।

## नेपाल में डरा रहे तबाही के मंजर, लोग कड़ाके की ठंड में सड़कों पर रात गुजारने को मजबूर



काठमांडु। नेपाल में शुक्रवार रात आए भूकंप के बाद तबाही के मंजर लोगों को डरा रहे हैं। यही वजह है कि पश्चिमी नेपाल के पहाड़ी इलाकों में लोग अभी भी कड़ाके की ठंड में सड़कों पर रात गुजार रहे हैं। दरअसल लोग भूकंप से इतना डर गए हैं कि अभी भी अपने घरों के भीतर जाने से डर रहे हैं। जाजरकोट जिले में नलगढ़ नगर पालिका में रहने वाले लोग अभी भी सड़कों पर रह रहे हैं। बता दें कि शुक्रवार की रात नेपाल की राजधानी काठमांडू से 500 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में स्थित जाजरकोट और रुकुम जिले में आए भूकंप में अब तक 157 लोगों की मौत हो चुकी है। भूकंप में 253 लोग घायल भी हुए हैं। जाजरकोट जिला भूकंप का केंद्र था। साल 2015 में आए भूकंप के बाद यह नेपाल का सबसे खतरनाक भूकंप था। भूकंप के चलते हजारों घर तबाह हो गए हैं। नेपाल में भूकंप का अध्ययन करने वाले केंद्र नेशनल अर्थक्वेक मॉनिटरिंग एंड रिसर्च सेंटर का दावा है कि शनिवार से अभी तक नेपाल में 159 छोटे-बड़े झटके आ चुके हैं। नेपाल की सरकार भूकंप प्रभावित इलाकों में सैन्य हेलीकॉप्टर्स के जरिए राहत सामग्री की सप्लाई कर रही है।

## प्रियंका गांधी ने युद्ध विराम का किया आह्वान, गाजा में एम्बुलेंस पर इजरायली हमले को बताया शर्मनाक

नई दिल्ली। इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध का आज 30वां दिन है। हमास के हमले के जवाब में इजरायल लगातार गाजा पर कार्रवाई कर रहा है। वहीं, इस संघर्ष में अब तक 10 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इस बीच, इजरायल ने शुक्रवार को गाजा में एक अस्पताल के पास एक एम्बुलेंस को निशाना बनाकर हमला किया, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। वहीं, इजरायल द्वारा गाजा में एम्बुलेंस को निशाना बनाकर किए गए हमलों को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को शर्मनाक बताया। उन्होंने तुरंत युद्धविराम लागू करने का भी आह्वान किया। उन्होंने गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल के बाहर एम्बुलेंस पर इजराइली के हालिया हमले का जिक्र करते हुए कहा कि यह घटना भयानक और शर्मनाक है, जिसको शब्दों में बयान नहीं



किया जा सकता है। इजरायल हमास युद्ध में अब तक करीब 10 हजार नागरिकों का नरसंहार किया गया है, जिसमें पांच हजार बच्चे शामिल हैं। यह शब्दों से परे भयावह और शर्मनाक है। पूरे परिवार को खत्म कर दिया गया। अस्पतालों और एम्बुलेंसों पर बमबारी की गई है, शरणार्थी कैम्पों को भी निशाना बनाया गया। फिर भी दुनिया के कई नेता फलस्तीन में नरसंहार को वित्तपोषण करना जारी रखे हुए हैं। युद्धविराम सबसे छोटा कदम है जिसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा तुरंत लागू किया जाना चाहिए। इजरायली रक्षा बलों द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, सेना ने गाजा में एम्बुलेंस को इसलिए निशाना बनाया क्योंकि इस एम्बुलेंस का उपयोग हमास के आतंकियों द्वारा किया जा रहा था। सीएनएन ने गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि इजरायल द्वारा चिकित्सा सुविधा पर किए गए हमले में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए हैं।

## सत्ता में रहते हुए भूपेश बघेल ने किया सट्टा कारोबार : भाजपा अध्यक्ष

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भारत में कांग्रेस भ्रष्टाचार की जनक पार्टी है। आजादी के बाद दशकों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में नए-नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं। कांग्रेस सरकार में जल, थल और नभ में भ्रष्टाचार किया गया है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नई नजीर पेश की है। वह सत्ता में रहकर सट्टा कारोबार खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि महादेव एप के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है। 500 करोड़ रुपये से अधिक पैसा दिया गया है। ईडी की जांच में यह मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में नकदी लाने की जानकारी सामने आई है जिस पर कार्रवाई की गई है। मामले में ईडी ने पांच करोड़ की धनराशि बरामद की है। ईडी ने महादेव एप से जुड़े लोगों की कुछ बेनामी संपत्तियां भी जब्त की हैं। कई लोगो को गिरफ्तार किया है। भाजपा छत्तीसगढ़ के सीएम और कांग्रेस पार्टी से सवाल पूछ रहा है कि छत्तीसगढ़ में हुए इस भ्रष्टाचार



में उनका पैसा है या नहीं है। ईडी ने कहा है कि असीम दास ने स्वीकार किया है कि यह धनराशि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए खर्च करने के लिए लाई गई थी। महादेव एप के बेनामी खाते का भी पता चला है जिसे जब्त किया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है। महादेव एप की धनराशि को छत्तीसगढ़ के नेताओं और अफसरों को बांटने का काम किया गया है।

## संपादकीय

# मेसेज ने किया अलर्ट, जांच में न हो ढिलाई

देश के कुछ प्रमुख विपक्षी नेताओं को उनका आईफोन हैक करने के प्रयासों से जुड़ा अलर्ट मेसेज मिलने के बाद जिस तरह का हंगामा मचा, वह अस्वाभाविक नहीं है। चूंकि मेसेज में सरकार प्रायोजित हमलावरों का जिक्र था, इसलिए मामला ज्यादा गंभीर माना गया। जब भी किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की ओर से विपक्षी नेताओं की निजता भंग करने का ऐसा मामला सामने आता है, तो स्वाभाविक ही सरकार से जवाब-तलब किया जाने लगता है। हालांकि यह साफ करना भी जरूरी है कि मौजूदा मामले में अभी बात सिर्फ संदेह की है। आईफोन पर ऐपल की ओर से भेजे गए ये मेसेज ऑटो जेनेरेटेड थे, जिनकी प्रामाणिकता को लेकर कंपनी भी आश्वस्त नहीं है। उसका कहना है कि इनमें से कुछ मेसेज फॉल्स अलार्म के भी हो सकते हैं। इसके बावजूद विपक्षी नेताओं की आशंकाएं निराधार नहीं कही जा सकतीं। उनका सवाल है कि अगर ये अलर्ट मेसेज फॉल्स अलार्म का हिस्सा हैं तो ऐसा कैसे हुआ कि सारे के सारे मेसेज विपक्षी दलों के नेताओं (और कुछ सत्ता विरोधी माने जाने वाले पत्रकारों) के ही फोन पर आए। दो साल पहले सामने आए पेगासस केस से जुड़ी यादों ने भी आशंकाओं को मजबूती देने का काम किया। हालांकि उस केस में सरकार के खिलाफ कुछ साबित नहीं हुआ है। ऐसे में जब विपक्षी नेताओं के फोन की हैकिंग का यह नया आरोप लगा तो उसे पूरी गंभीरता से लेने की जरूरत है। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी के कुछ नेताओं ने इन आरोपों को लेकर जिस तरह से विपक्ष को ही घेरना शुरू किया, उसे जिम्मेदार और तर्कसंगत रवैया नहीं कहा जाएगा। यह सत्तारूढ़ पक्ष के लिए खास मददगार भी नहीं है। ध्यान रहे, यह कोई ऐसा मामला नहीं है जो विपक्षी दलों के इन नेताओं का निकाला हुआ हो। अलर्ट मेसेज एक फोन कंपनी की तरफ से आए, जिसे सार्वजनिक करके सरकार के संज्ञान में लाना उनका काम था। अच्छी बात इस मामले में यह रही कि सरकार इन आरोपों को पूरी गंभीरता से लेती दिख रही है। न केवल पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं बल्कि आईफोन कंपनी से भी जांच में शामिल होने को कहा गया है। सभी पक्षों के लिए जरूरी है कि निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी करने के बजाय मामले की बारीक और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित करने में सहयोग करें। यह न केवल विपक्षी दलों के नेताओं की प्राइवेसी से जुड़ा मामला है बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुचारू संचालन को भी बाधित कर सकता है। इसलिए इसमें किसी तरह के ढीले-ढाले या लापरवाही भरे रवैये की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जानी चाहिए।

## खेल रहे हैं सारे!



है बढ़ानी सीटें ।
चल रहा है काम ।।
करने को कमाल अब ।
कोशिशें तमाम ।।
खेल रहे हैं सारे ।
अपना अपना खेल ।।
थोड़ा थोड़ा अपनो पर ।
कस रहे नकेल ।।
हो रहा व्यवहार ऐसा ।
जैसे चमत्कार ।।
बंद है तकरार अभी ।
करने को उपकार ।।
मच रही है धूम अब ।
लाने को बहार ।।
है इच्छा कुछ ऐसी ।
ना फिसले आधार ।।
-कृष्णेन्द्र राय

# भारत को एक सूत्र में पिरोने में सफल रही है सनातन संस्कृति

**प्रह्लाद सबनानी**

भारतीय सनातन संस्कृति, सभ्यता और परम्पराएं विश्व में सबसे अधिक प्राचीन मानी जाती है। भारतीय संस्कृति को विश्व की अन्य संस्कृतियों की जननी भी माना गया है। भारत की संस्कृति और सभ्यता आदि काल से ही अपने परम्परागत अस्तितिव के साथ अजर अमर बनी हुई है। भारत में गीत संगीत, नाटक परम्परा, लोक परम्परा, धार्मिक संस्कार, अनुष्ठान, चित्रकारी और लेखन के क्षेत्र में एक बहुत बड़ा संग्रह मौजूद है जो मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में जाना जाता है। इसे संजोने, संवारने और निखारने का महती प्रयास हाल ही के समय में बहुत मजबूती के साथ किया जा रहा है। विशेष रूप से पिछले एक दशक में भारत की संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं जिससे न केवल विश्व के लोगों को देश के माटी की सौंधी खुशबू मिली है बल्कि पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति को जानने एवं समझने का प्रयास भी कर रही है। भारत का अतीत वर्तमान से भी सुंदर एवं प्रभावशाली रहा है।

भारत ने राजनैतिक स्वतंत्रता 75 वर्ष पूर्व ही प्राप्त कर ली थी, परंतु भारत की सनातन संस्कृति आदि काल से चली आ रही है एवं लाखों वर्ष पुरानी है। भारत को सोने की चिड़िया के रूप में जाना जाता रहा है और भारतीय सनातन संस्कृति का लोहा पूरे विश्व ने माना है। धर्म, दर्शन, विरासत, तीज, त्यौहार, जायका और अनेकता में एकता के दर्शन करने को पूरी दुनिया भारत की ओर आकर्षित होती रही है। भारत को देव भूमि भी कहा गया है, यह अर्पण की भूमि है, यह तर्पण की भूमि है और यह समर्पण की भूमि है।

भारत आदि काल से ही एक जीता जागता राष्ट्र पुरुष है, यह मात्र एक जमीन का टुकड़ा नहीं है। भारत के कंकड़ कंकड़ में शंकर का वास बताया जाता है। हाल ही के कुछ वर्षों में भारत के आर्थिक विकास में विरासत पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है और भारत में आर्थिक विकास के साथ ही सांस्कृतिक विकास पर भी पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। जिसके चलते अन्य देशों की तुलना में भारत की आर्थिक विकास दर मजबूत बनी हुई है। बल्कि अब तो अन्य कई देश, विकसित देशों सहित, भी अपने आर्थिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समस्याओं के हल हेतु एवं अपने आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से भारतीय सनातन संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे हैं। हाल ही के समय में भारत की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने, संवारने और उसकी संवृद्धि के लिए विशेष रूप से पिछले दशक के दौरान अथक प्रयास किए गए हैं। हजारों वर्षों की भारतीय सभ्यता और संस्कृति का आकर्षण ही कुछ ऐसा है कि कितने ही झंझावात क्यों न आए परंतु भारतीय सनातन संस्कृति अटूट रही। हालांकि कुछ देशों, जैसे ग्रीक, यूनान, ईरान आदि, की तो सभ्यताएं ही समूल नष्ट हो गईं। भारत में अभी हाल ही में आजादी के 75 वर्षों के बाद अमृत काल मनाया गया है। आजादी के अमृत महोत्सव की आधिकारिक यात्रा 12 मार्च 2021 को प्रारम्भ हुई। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के लिए 75 सप्ताह की गिनती शुरू हुई थी जो उत्सवों के साथ निरंतर गतिमान रही। इस बीच उत्सवों की लम्बी श्रृंखला चली और 15 अगस्त 2023 तक यह यात्रा निर्बाध गति से चलती रही। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान 166,000 से अधिक कार्यक्रम देश और



दुनिया में आयोजित किए गए। जिसमें हर घर तिरंगा, वन्दे भारतम, कलांजलि जैसे कई बड़े कार्यक्रम भी शामिल रहे। अमृत महोत्सव के पांच स्तम्भ हैं- स्वतंत्रता संग्राम@ 75, विचार@ 75, समाधान@ 75, कार्य@ 75, उपलब्धियां@ 75। जनभागीदारी से मनाया जा रहा आजादी का अमृत महोत्सव, देश की इन 75 वर्षों की उपलब्धियों को पूरी दुनिया के सामने रखने का एक प्रयास है और इसके साथ ही अगले 25 वर्षों के लिए संकल्पों की रूपरेखा भी रखी जा रही है।

भारतीय सनातन संस्कृति ने न केवल भारत को एकता के सूत्र में पिरोया है बल्कि पूरे विश्व को ही भारत के साथ जोड़ा है। अब तो भारत में एक भारत- श्रेष्ठ भारत के रूप में एक महत्वपूर्ण अध्याय लिखा जा रहा है। भारत ने जी-20 समूह के देशों की अपनी अध्यक्षता के दौरान कई अतुलनीय कार्य किए हैं। पिछले लगभग एक वर्ष के अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सदस्य देशों की 200 से अधिक बैठकों का भारत के विभिन्न शहरों में आयोजन कर भारत ने पूरी दुनिया के समस्त देशों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत ने पूरी दुनिया को ही अपनी महान गौरवशाली सनातन संस्कृति, वैभवशाली विरासत, आध्यात्मिक क्षेत्र, आर्थिक विकास, आदि का परिचय देने में सफलता हासिल की है। भारत ने हाल ही के वर्षों में अपनी आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं को हल करने एवं अपनी आर्थिक विकास दर को तेज करने में जो सफलता पाई है वह मुख्य रूप से भारत की सनातन संस्कृति एवं परम्पराओं का पालन करते हुए ही प्राप्त की जा सकी है। इसके ठीक विपरीत विशेष रूप से कोरोना महामारी के बाद से विश्व के कई विकसित देश अभी तक कई प्रकार की आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियों के पालन से पश्चिमी देशों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं रही है। विकसित देशों में आज परिवार की प्रधानता एक तरह से समाप्त हो चुकी है। इस संदर्भ में यहां विशेष रूप से अमेरिका की स्थिति का उदाहरण दिया जा सकता है। अमेरिका में आज सामाजिक तानाबाना छिन्न-भिन्न हो चुका है। दंपतियों में तलाक की दर बहुत अधिक हो गई है जिसके चलते बच्चे केवल अपनी मां के पास रह जाते हैं एवं बड़ी संख्या में बच्चों को अपने पिता के बारे में जानकारी ही नहीं है।

विकसित देशों में पारिवारिक व्यवस्था के छिन्न भिन्न होने के कारण बुजुर्गों को सरकार की मदद पर निर्भर रहना होता है। अतः इन देशों की सरकारों को सामाजिक सुविधाओं पर भारी भरकम राशि खर्च करनी होती है। कई विकसित देशों में तो बुजुर्गों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है जिसके चलते इन देशों को अपने बजट का बहुत बड़ा भाग सामाजिक सुविधाओं पर खर्च करना पड़ रहा है। फ्रांस अपने कुल बजट का 31 प्रतिशत हिस्सा सामाजिक सुविधाओं पर खर्च कर रहा है, इसी प्रकार इटली 28 प्रतिशत, जर्मनी 26 प्रतिशत एवं अमेरिका 19 प्रतिशत हिस्सा सामाजिक सुविधाओं पर खर्च कर रहा है। सामाजिक सुविधाओं पर भारी भरकम खर्च के कारण इन देशों की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है एवं इन देशों में प्रति व्यक्ति औसत ऋण बहुत अधिक हो गए हैं। अमेरिका में तो कुल सकल घरेलू उत्पाद का 136 प्रतिशत कर्ज लिया जा चुका है। आज ऋण पर ब्याज के भुगतान हेतु भी कुछ देशों को कर्ज लेना पड़ता है।

# विपक्षी गठबंधन की एकता के सारे दावे विधानसभा चुनावों में हवा हवाई हो गये

**योगेंद्र योगी**

देश के पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव से विपक्षी एकता गठबंधन इंडिया बनने से पहले ही बिखरने के कगार पर आ गया है। लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन के प्रमुख दल सबसे प्रमुख राज्यों में आपस में ही संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस, जनता दल युनाइटेड, समाजवादी पार्टी और आप में सीट बंटवारे के लिए तनाव बढ़ रहा है। इन दलों के नेता और कार्यकर्ता भी आपस में दंगल कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में गैरभाजपा दलों की फूट से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में गठबंधन का अंजाम क्या होगा। सपा के नेता ने अखिलेश यादव को प्रधानमंत्री उम्मीदवार घोषित किया है और कांग्रेस के कार्यकर्ता ने अजय राय को यूपी का अगला सीएम बताया है। इससे इंडिया गठबंधन का तालमेल खराब हो रहा है।

विपक्ष के 26 दलों का जब गठबंधन हुआ तब कहा गया वे सारे देश में भाजपा के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे, लेकिन गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस ने साफ कहा है कि इंडिया का गठन 2024 लोकसभा चुनावों के लिए हुआ न कि विधानसभा चुनाव के लिए। कांग्रेस ने इसी रणनीति के तहत पांच राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में अपने किसी सहयोगी दल को तवज्जो नहीं दी। मिजोरम को छोड़कर राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस की भाजपा से सीधी लड़ाई है। वहीं, तेलंगाना में उसका मुकाबला के. चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति से है। मध्य प्रदेश में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस और सपा में शुरू हुआ तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। दोनों तरफ से ये दावा किया गया है कि बीजेपी को हराने के लिए चुनावी तालमेल जरूरी था, पर ऐसा नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी अब कांग्रेस पर धोखेबाजी का आरोप लगा रही है। यही बात कांग्रेस पार्टी के नेता समाजवादी पार्टी के लिए कह रहे हैं। कांग्रेस के साथ गठबंधन की बात पक्की न हो पाने के बाद मध्य प्रदेश में अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के 45 उम्मीदवार उतार चुके हैं और इसी तरह नीतीश कुमार भी अब तक जेडीयू के 5 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर चुके हैं। जेडीयू की तरफ से दर्जन भर उम्मीदवार चुनाव लड़ने वाले हैं। राजस्थान विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी बिना किसी गठबंधन के चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने अब तक किसी अन्य दल से गठबंधन नहीं किया है। साथ ही प्रदेश की सभी 200 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। पार्टी की ओर से जारी अब तक तीन लिस्ट में 49 प्रत्याशियों को मैदान में उतारा गया है। विधानसभा चुनाव के साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच विपक्षी दलों में अभी से घमासान मचा हुआ है। उत्तर प्रदेश में भाजपा के बाद सपा दूसरे नंबर की पार्टी है लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस की स्थिति ज्यादा मजबूत है। ऐसे में राष्ट्रीय पार्टी सपा से किसी भी तरह का समझौता करने के मूड में नहीं है। मध्य प्रदेश में बीजेपी के मुख्य मुकाबले में कांग्रेस है और इसलिए सपा को सीटें देने से पार्टी ने गुरेज किया था। इसे लेकर अखिलेश यादव ने आपत्ति जताई थी और सवाल किया था कि क्या यह गठबंधन राज्य स्तर पर है या नहीं? तब कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में सपा की स्थिति की याद दिलाते हुए उसे कांग्रेस को सहयोग देने की अपील की थी। ऐसे में माना जा रहा है कि यही तर्क यूपी में सीट बंटवारे के दौरान अखिलेश भी कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल कर सकते हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के मैदान में आमने सामने तो बीजेपी और कांग्रेस हैं, लेकिन निशाने पर समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव आ रहे हैं और सूबे के सियासत की आंच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक पहुंच रही है। असल में ये सारी बातें मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर चल रही हैं। लंबे समय से अखिलेश यादव को लेकर राहुल गांधी का जो रुख सामने आया है, उसका सीधा असर इंडिया गठबंधन पर पड़ना निश्चित है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में विपक्ष एकजुट नहीं हो पाता तो देश के बाकी हिस्सों में साथ होकर भी कोई फायदा नहीं होने वाला है।

## 20 दिन में टोल प्लाजा हटाने के आश्वासन पर किसानों ने स्थगित किया धरना

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। भारतीय किसान यूनियन के द्वारा वाराणसी शक्ति नगर मार्ग SH5A पर लगे अवैध अस्थाई टोल प्लाजा को हटाने के संदर्भ में लगातार 11वे दिन के धरने का नेतृत्व वीरेन्द्र सिंह जिला महासचिव ने किया, आज के धरने पर अपर जिला अधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला जी और टोल अधिकारी किसानों के धरना स्तर पर पहुंच कर वार्ता की और कहा कि आपके मांगों को पूरा कराने के लिए जिला प्रशासन आपके साथ है, आपकी मांग पत्र और एसीपी टोलवेज के द्वारा लिखे गए उपसा के पत्र को संदर्भित कर जिला प्रशासन उपसा को पत्र लिखकर बताया गया कि भारतीय किसान यूनियन की मांग जनहित में हैं और उक्त टोल प्लाजा के संबंध में दिनांक 10/03/ 2022 का आदेश रद्द कर दिया जाए क्योंकि जिस लीकेज को बताकर एसीपी द्वारा उक्त अस्थाई टोल की अनुमति प्राप्त की गई थी परसोधा पर टोल प्लाजा बन जाने के कारण वह लिकेज स्वतः ही समाप्त हो गया है तथा चंदौली मार्ग पर भारी वाहन का आवागमन हेतु उपयुक्त नहीं होने के कारण यह लीकेज भी नहीं रह गया है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि हम उपसा को पत्राचार करते हैं जिसके लिए हमें 30 नवंबर तक का समय चाहिए और आपसे अनुरोध है कि आप 30 नवम्बर तक के लिए धरना स्थगित कर दीजिए, हम कोई न कोई समाधान जरूर आपकी मांगों पर निकलने का प्रयास करेगें, जिस पर पंचायत में किसानों ने कहा कि हम 20 दिन का वक्त देते हैं 25 नवम्बर तक अगर समाधान नहीं निकलता है तो 26 नवम्बर से पुनः हमारा धरना चालू हो जाएगा जिस पर पंचायत ने सहमति प्रदान की जिस पर अपर जिलाधिकारी भी आस्वस्त हुए। आज के पंचायत में निम्न लोग उपस्थित रहे प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह किसान , प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर एस पटेल जी, जिला कोषाध्यक्ष स्वामी दयाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुखनंदन दुबे जी ,अवधेश नारायण सिंह, शिव प्रसाद सिंह, अन्नदाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह, जिला सचिव डॉक्टर पंचम सिंह, मण्डल प्रवक्ता राजेश कुमार सिंह,जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, बुधराम सिंह, महेंद्र भारती ,रामराज बिंद, राजेंद्र प्रसाद, रामविलास सिंह, राम सिंह, एड.रामलाल सिंह, दिवाकर सिंह पटेल, प्रमोद सिंह पटेल, रवि शंकर सिंह, सभापति सिंह, विनय कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, आशीष श्रीवास्तव ,सफीक अहमद, रमजान अली ,प्रमोद केसरी, संजय सिंह, विकास पटेल ,सदानंद सिंह, रामश्रृंगार सिंह ,प्रेम बहादुर, रामचंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह ,व अन्य।

## केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को जनसंवाद के दौरान जनपदवासियों की समस्याओं का किया निस्तारण

प्रखर मिजार्पुर। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने रविवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आये हुए लोगों से मुलाकात की एवं संबंधित अधिकारियों से बात कर लोगों की समस्याओं को तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। इस मौके पर स्वास्थ्य संबंधित प्रार्थना पत्र, जमीन संबंधित प्रार्थना पत्र, शिकायती प्रार्थना पत्र, बिजली समाधान के संबंध में प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया। इसके उपरांत श्रीमती पटेल जनपद के तमाम कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्रीमती रेखा वर्मा, प्रदेश सचिव अनुसूचित मंच ज्ञानचंद कनौजिया, जिला अध्यक्ष युवा मंच उदय पटेल, भाजपा वरिष्ठ नेता राजेंद्र पाठक, जोन अध्यक्ष राजेश मौर्य, राहुल ओझा, आमिर खान आदि लोगों को उपस्थित रहें। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

## टीचर सेल्फ कैयर टीम उत्तर प्रदेश के आहवान पर एक शिक्षक संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रखर वाराणसी। टीचर सेल्फ कैयर टीम उत्तर प्रदेश के आहवान पर एक शिक्षक संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन दिनांक 05-11-2023 को कमिश्नरी सभागार जनपद वाराणसी में आयोजित किया गया` जिसमे वाराणसी जनपद में कार्यरत शिक्षक स्व० संतोष कुमार, स्व० सुनील कुमार चक्रवाल, स्व० अनिल कुमार सिंह, स्व० चन्द्रिका प्रसाद भारती को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि अशोक तिवारी महापौर वाराणसी, मुख्य उद्‌द्बोधक विवेकनन्द (संस्थापक ),विशिष्ट अतिथि उमेश कुमार शुक्ला ( डायट प्राचार्य ), अरविन्द कुमार पाठक (बी० एस० ए० वाराणसी ) डा० सुदामा पटेल ( पूर्व एम० एल० सी० प्रत्याशी भाजपा ) थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना से हुआ । मुख्य अतिथि महापौर अशोक तिवारी ने कहा कि आत्म निर्भर भारत की तरफ बढ़ते हुए कदम में शिक्षकों का यह योगदान समाज में एक उदहारण प्रस्तुत करता हैं समाज में सभी लोगो को इससे सीख लेनी चाहिए` जिला संयोजक सुरेश सिंह ने कार्यक्रम में आये हुए सभी जिले के आये हुए अतिथियों का अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुधेस पाण्डेय, श्री महेंद्र वर्मा, संजीव रजक, वैष्णी पाण्डेय, असगर अली, अनुराग सिंह, सुनील माण्डेय, आरती "गुप्ता बिन्दुलता तुबा असीम अराधना इवे, अन्नत प्रकाश, धनन्जय सि अजीत सिंह तंवर, बृजेश यादव, सुधीर सिंह, शैलेन्द्र चौबे आनंद प्रकाश रस्तोगी परवेज कुरैशी आदि लोगों उपस्थित रहे !

# स्वावलम्बन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम समूह का समापन




प्रखर वाराणसी। सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा किशोरियों और महिलाओं के स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत 100 दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का समापन रविवार को तुलसीपुर स्थित सामुदायिक केंद्र में हुआ. इसके अंतर्गत सिलाई और ब्यूटीशियन विधा का 19 किशोरियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. इस अवसर पर तुलसीपुर वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि पन्नू लाल बिन्द ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया और कहा कि महिलाओं और किशोरियों को स्वावलंबन के लिए कई विधाओं में पारंगत होना चाहिए इससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी. संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों का और विस्तार होना चाहिए. आशा ट्रस्ट की कार्यक्रम संयोजक डॉ इंदु पाण्डेय ने कहा कि किशोरियों को स्वावलंबी बनाने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए संचालित किये जा रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, स्वच्छता और महिला अधिकारों के बारे में भी उन्हें सचेत करने की कोशिश की गयी. आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और सही अर्थों में समाज में स्त्री-पुरुष समानता आएगी. कार्यक्रम में देव एक्सेल फाउण्डेशन की तरफ से एनर्जी ड्रिंक का वितरण किया गया, इस अवसर पर विनय सिंह, सुषमा त्रिपाठी, शिवानी दास, महेश पाण्डेय, रंजना पांडेय, दीन दयाल सिंह, शमशेर आदि की विशेष रूप से उपस्थिति रही. कार्यक्रम का संचालन रैनी सिंह ने किया।

# भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा के लिए कायस्थ महासभा ने दिया आमंत्रण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में रायगंज मुहल्ले में स्वजातीय बंधुओं से सम्पर्क कर दिनांक 15 नवम्बर को उर्दू बाजार से निकलने वाली भगवान श्री चित्रगुप्त जी की शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस दौरान महासभा के विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमर सिंह राठौर के आवास पर आयोजित बैठक में महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने सभी कायस्थ बन्धुओं से इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान करते हुए कह कि विरासत में मिले समाज के गौरवशाली इतिहास को आगे बढ़ाने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि राजनीति में उपेक्षा की शिकार हमारे समाज का वजूद खतरे में है। हमें संगठित होकर पुनः अपने मुकाम को हासिल करना है। उन्होंने कहा कि बिखरा हुआ समाज कभी इतिहास नहीं बनाता।संगठित समाज ही इतिहास बनाता है। उन्होंने कहा हमें उन समाज के लोगों से प्रेरणा लेने की जरूरत है जो संगठित होकर सत्ता के शिखर पर है।? उन्होंने कायस्थ बन्धुओं को जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी की शोभायात्रा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चित्रगुप्त पूजनोत्सव के अवसर पर उर्दू बाजार स्थित अजय कुमार श्रीवास्तव के आवास से आरंभ होकर नवाबगंज, चीतनाथ, टाउन हाल, लाल दरवाजा, मिश्रबाजार, महुआबाग होते हुए ददरीघाट स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त जी के मंदिर पर जाकर समाप्त होगी। हाथी घोड़े से सुसज्जित इस शोभायात्रा में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की सजीव झांकी के साथ समाज के महापुरुष डॉ राजेन्द्र बाबू, डॉ सुभाष चन्द्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, स्वामी विवेकानंद, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, डॉ सम्पूर्णानंद, शहीद खुदीराम बोस, महादेवी वर्मा , डॉ सम्पूर्णानंद आदि की झांकियां भी शामिल रहेंगी।उन्होंने सभी कायस्थ बन्धुओं से बड़ी संख्या में पूरे परिवार के साथ इस शोभायात्रा में शामिल होकर अपनी एकता और ताकत दिखाने का आह्वान किया। इस सम्पर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमर सिंह राठौर,चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, मोहनलाल श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, अरुण सहाय, अनूप श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप से पीड़ितों की मदद के लिए 11 एनडीआरएफ वाराणसी ने भेजी राहत सामग्री

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। 3 नवंबर को नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप में सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने अपने जीवन को खोया और हजारों की संख्या में लोग घायल हैं दुःख की इस भयावह स्थिति में पीड़ितों की मदद करने के लिए एनडीआरएफ वाराणसी द्वारा विशेष रूप से आवश्यक राहत सामग्री को वाहिनी मुख्यालय, गौतम बुद्ध भवन चौकाघाट से बाबतपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना किया गया" जहां टीम के बचावकर्मियों ने वायुसेना की विशेष विमान में राहत सामग्री को लोड किया तत्पश्चात वायुसेना के विमान ने नेपाल के लिए उड़ान भरी। उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि आपदा के समय एनडीआरएफ हमेशा जरूरतमंदों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहती है आज भी इस मुश्किल घड़ी में एनडीआरएफ नेपाल की मदद के लिए खड़ी है राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया रिजर्व (एनडीआरआर) से एनडीआरएफ वाराणसी द्वारा तीन ट्रकों को राहत सामग्री के साथ भेजा गया है इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीमें भी सभी प्रकार के राहत-बचाव के आधुनिक उपकरणों के साथ तैयार है।

## ब्रजेश इंटर कॉलेज गुलालपुर के प्रबंधक बने विवेक कुमार यादव

प्रखर जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ब्रजेश इंटर कॉलेज गुलालपुर के प्रबंधक विवेक कुमार यादव बने हैं। कॉलेज परिसर में ही रविवार को पर्यवेक्षक व चुनाव अधिकारी के देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। ब्रजेश इंटर कॉलेज परिसर में रविवार को प्रबंधक पद को लेकर चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव रंजन मिश्रा पर्यवेक्षक और चुनाव अधिकारी के रूप में किसान इंटर कॉलेज अजोशी के प्रधानाचार्य रामानंद यादव चुनाव अधिकारी थे। इन लोगों के देख रेख में नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। जिसमें प्रबंधक पद पर विवेक कुमार यादव को निर्विरोध चुन लिया गया। इनके खिलाफ किसी ने विरोध नहीं किया। इसके पूर्व कुकुड़ीपुर निवासी समाजसेवी सुभाष चंद्र यादव प्रबंधक थे और हाल में हुए उनके निधन के चलते यह पद रिक्त हुआ था। साधारण सभा सदस्य के रूप में मुरलीधर यादव, लालचंद यादव, रवि यादव,राजमणि यादव, राजेंद्र सिंह, डा जितेंद्र यादव,महेंद्र यादव, रामआसरे यादव, प्रेमचंद राय, लक्ष्मी नारायण इत्यादि लोगो ने भाग किया।

## शैक्षिक महासंघ संचालन समिति की हुई बैठक, निर्धारित बिंदुओं पर हुई चर्चा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संचालन समिति की बैठक कैम्प कार्यालय गोरा बाजार में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में दिग्विजय सिंह, अवधेश राय, दिवाकर सिंह, कौशल सिंह, मंजीत सिंह, रविंद्र मौर्या, राधेश्याम सिंह, जगदीश प्रसाद, नीतू वर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गाजीपुर वर्तमान में संचालन समिति द्वारा संचालित हो रही है जिसमें ना तो कोई किसी पद को धारण करता है और न ही अपने नाम के साथ पद को लिख सकता है। परंतु कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर पद के नाम से पोस्ट किया गया जिसका कोई आधार नहीं है और संचालन समिति ऐसे कृत्य की निंदा करती है। उपरोक्त प्रकरण में एक व्यक्ति राजेश सिंह सूर्यवंशी द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पैड का दुरुपयोग किया गया एवं खुद को जिला अध्यक्ष घोषित करते हुए संचालन समिति के सदस्यों के निष्कासन एवं उनके विरुद्ध कार्रवाई हेतु पत्र जारी किया गया। राजेश के इस कृत्य से क्षुब्ध होकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री/प्रभारी मंडल वाराणसी शशांक कुमार पाण्डेय द्वारा पत्र जारी किया गया जिसमें राजेश सिंह सूर्यवंशी नाम का कोई जिला अध्यक्ष ना होने एवं उनके द्वारा समस्त पत्र अवैध घोषित किया गया एवं उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 93 लोगो का हुआ मुफ्त जांच व उपचार

प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरापार अंतर्गत आने वाले न्यू प्राथमिक केंद्र डुमरी तथा रिठुआखोर में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। पहुंचे 93 मरीजों का निःशुल्क जांच व उपचार करने के बाद दवाएं भी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरापार के डॉ राजन यादव व डॉ प्रमोद कुमार,फार्मास्सिट अवनीश यादव राकेश दुबे ने आये मरीजों का सुबह 10बजे से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क उपचार किया तथा दवाएं वितरत किये।

## जिला गंगा समिति ने कराई भव्य गंगा आरती, महिला डिग्री कॉलेज में किया पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला गंगा समिति द्वारा गंगा उत्सव के अवसर पर भव्य गंगा आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन चीतनाथ घाट पर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया काशी से आए बटुको ने भव्य गंगा आरती कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक प्रदीप ने कहा कि 04 नवंबर 2008 को गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया था तभी से प्रत्येक वर्ष 04 नवंबर को गंगा उत्सव के रुप में मनाया जाता है। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल ने कहा कि मां गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा, तभी मां गंगा की धारा स्वच्छ एवं निर्मल होगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को अध्यक्ष ने गंगा शपथ दिलाई तथा सभी का स्वागत प्रभागीय निदेशक प्रदीप ने किया एवं आभार जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रकट किया। इस अवसर पर, ई ओ नवीन श्रीवास्तव, संतन कुमार, सभासद उषा जायसवाल, शंकर पांडेय, लक्ष्मी कांत मिश्रा, गुंजन सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की अध्यक्ष बनी सुनीता यादव, पूर्णिमा जिला मंत्री



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का अधिवेशन शहर स्थित गीतांजलि पैलेस में सम्पन्न हुआ, अधिवेशन के संयोजक जे पी यादव ने अधिवेशन की अध्यक्षता की, जिसमे समस्त बिकास खण्डो के सफाई कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित रहे, विशिष्ट अतिथि संघ के संरक्षक डा खालिद ने अपने सम्बोधन में सफाई कर्मचारियों से शोषण के विरुद्ध आवाज बुलंद करने की अपील की।उक्त अधिवेशन में ग्राम बिकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष एवम परिषद के जिला मंत्री बैजनाथ तिवारी ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि किसी सफाई कर्मी का उत्पीड़न बर्दाश्त नही किया जाएगा। राज्य कर्मचारी महा संघ के जिलाध्यक्ष बालेंद्र त्रिपाठी ने ईश्वर यादव को महा संघ का जिला मंत्री मनोनित किया,अधिवेशन के मुख्य संयोजक जे पी यादव ने संघ गद्दारों दलालों से सावधान रहने की अपील की।नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष सुनीता यादव ,कार्यकारी अध्यक्ष पूनम गोस्वामी,जिला मंत्री पूर्णिमा ने निर्विरोध निर्वाचन के लिए अपनी पूरी टीम की ओर से आभार ज्ञापित करते हुए वादा किया कि अपने सांगठनिक दायित्व का पूरी निष्ठा एवम लगन से संघर्ष करते हुए अपने संवर्ग के प्रति सेवा भाव से समर्पित रहेंगे।

पूर्व अध्यक्ष अश्वनी राय ,राम नगीना यादव ने कहा कि हमे अपने बीच ,अपने संवर्ग का शोषण करने वाले कथित दलालों से सावधान रहने की जरूरत है जो इन अल्प वेतन भोगी कर्मचारियों का शोषण करवाते हैं, मंच का संचालन करते हुए संजय दुबे ने सभी अतिथियों के प्रति आभार धन्यवाद व्यक्त किया। नवीनतम कार्यकारिणी निम्नवत है श्रीमती सुनीता यादव जिलाध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा जिला मंत्री पूनम गोस्वामी कार्यकारी अध्यक्ष बेबी देवी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्णिमा उपाध्यक्ष, सीमा खरवार कोषाध्यक्ष, मोती चौधरी उपमंत्री, पुष्पा शुक्ला संगठन मंत्री, प्रमिला मीडिया प्रभारी, अलका संप्रेक्षक,सुमित्रा संयुक्त मंत्री अधिवेशन में ब्लाक स्तरीय कमेटी के गठन हेतू एक कोर कमेटी का गठन किया गया जो समस्त बिकास खण्डो में अपने संवर्ग के कर्मचारियों की व्यक्तिगत,एवम विभागीय समस्या को संकलित कर संबंधित अधिकारियों से स्थानीय स्तर वार्ता कर समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा, किंतु फिर भी निराकरण नहीं हुआ तो जिलास्तरीय शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू किया जायेगा। अधिवेशन को मुख्य रूप से अम्बिका दुबे ने संबोधित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जे पी यादव एवम संचालन संजय दुबे ने किया। सभी आगंतुकों के प्रति आभार जे पी यादव ने किया।

## महिला ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव हुआ सम्पन्न

प्रखर जखनियां गाजीपुर। उत्तर प्रदेश पंचायती राज महिला ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव गीतांजलि पैलेस परिसर में रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष सहित सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इस दौरान भारी भरकम कमेटी की घोषणा की गई। चुनाव अधिकारी राज्य कर्मचारी समन्यवक समिति के अध्यक्ष अम्बिका दूबे की देखरेख में हुए चुनाव में श्रीमती सुनीता यादव को अध्यक्ष, पुनम गोस्वामी कार्यवाहक अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेबी देवी, जिला उपाध्यक्ष पूर्णिमा देवी, जिला मंत्री पूर्णिमा देवी, उपमंत्री मोती चौधरी, संगठन मंत्री पुष्पा शुक्ल, मिडिया प्रभारी प्रमिला यादव, संप्रेक्षक/लेखाकार अलका देवी, सहित अन्य पदों पर भी निर्वाचन हुआ। पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ अश्वनी राय, डा. एम खालिद, जयप्रकाश यादव जेपी, सुरेश यादव, आलोक चौबे, नगीना यादव, अशोक कुमार, बिरजू राम, ईश्वर यादव, अरबिंद, चन्द्रशेखर, राकेश मोहन, सूरज कुमार, विशाल कुमार, राजेश, अनिल, राजन, संजय कुमार, कन्हैया, उपेन्द्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## रक्तदान के लिए डिप्लोमा इंजीनियर संघ को प्रदेश कार्यकारिणी ने दिया विशिष्ट सम्मान



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद गाजीपुर के सदस्यों के सतत प्रयास एवं पूर्ण सहयोग से 15 सितंबर 2023 को जनपद गाजीपुर द्वारा पूरे प्रदेश में जनपद स्तर पर सर्वाधिक रक्तदान कराए जाने हेतु जनपद की सक्रियता एवं संघनिष्ठा के दृष्टिगत पूरे प्रदेश के सभी जनपदों में से एकमात्र गाजीपुर को उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा रक्तदान के दृष्टिगत अपनी 35वीं कौंसिल में "विशिष्ट सम्मान" प्रदान किया गया। इसके लिए अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप भाव विभोर होते हुए कहा कि यह बेहद गौरव का छड़ रहा। मुझे बहुत खुशी हुई।

मैं इसका संपूर्ण श्रेय अपने जनपद के समस्त सहयोगी संगठनों, अधिकारियों तथा घटक संघों के अपने सक्रिय, निष्ठावान, ऊर्जावान पदाधिकारियों एवं सदस्यों को देता हूं, जिनके बदौलत आज पूरे प्रदेश में जनपद गाजीपुर का नाम रोशन हुआ।

## संचारी अभियान में जिला प्रदेश के 17 वें पायेदान पर मण्डल में प्रथम स्थान पाने में सफल

प्रखर मिजार्पुर। जिले में संचारी अभियान को चलाया जा रहा है जिसमें जिला प्रदेश में 17 वें पायेदान को हासिल करने में सफल रहा है। इस आशय की जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर गुलाब वर्मा ने दी।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जिले में मुख्य चिकित्साधिकारी की देख रेख में संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 31 अक्टूबर तक चलाया गया। इसके तहत अभी तक की रिपोर्ट के अनुसार जिला प्रदेश में 17 वें पायेदान व मण्डल में प्रथम स्थान पाने में कामयाब रहा है। पिछले अभियान के तहत जिले का खराब प्रदर्शन होने के कारण 75 वें स्थान पर चला गया है इसके बाद विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के मेहनत का नतीजा है कि इस बार जिले का प्रदेश स्तर पर अच्छा प्रदर्शन दिख रहा है। इस अभियान में विभाग के अलावा डब्लू एच ओ के अलावा यूनीसेफ भी अपनी भूमिका को अदा कर रहा है। इसके साथ ही फेमिली हेल्थ इण्डिया भी कार्य कर रही है जो कि केवल मलेरिया पर जागरूक करने का कार्य केवल 100 गांवो में कर रही है जबकि जिले 804 ग्राम सभा है जिसके सापेक्ष यह नही के बराबर है और इनके कार्यो का लेखा जोखा भी विभाग के पास उपलब्ध न होने के कारण विभाग की ओर से इनको नोटिस दी जायेगी। उसके बाद इनके विभाग द्वारा किये गये आदेश को निरस्त कर दिया जायेगा।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर वी0के0 भारतीय ने बताया कि विभाग द्वारा जनपद में कुल 1108 मातृ बैठकए 370 वी0एच0एन0सी0 बैठकए आशा व ए0एन0एम0 के माध्यम से 978 विद्यालय रैलीए 933 स्कूलों में छात्रों का संवेदीकरण तथा 225 स्वयं सेवी संस्था समूह की बैठक कराया गया। इसके अलावा 9107 पम्पलेट्सए 540 बैनरए 14255 पोस्टर प्रचार सामग्री के रूप में बांटा गया। पंचायती राज विभाग द्वारा 205 ग्राम प्रधानों तथा ग्रामवासियों का संवेदीकरण किया गया। इसके अलावा 644 नये शौचालयों का निर्माण कार्य भी पूरा कराया गया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत नगरपालिका परिषद द्वारा 12 वार्डो के सभी नालियों की सफाई तथा कचड़ा निस्तारण कार्य कराया गया इसके साथ ही फागिंग भी करायी जा रही है। शिक्षा विभाग द्वारा 724 प्रतिज्ञा रैलीए 708 एस0एम0सी0 मीटिंगए घरण्घर जाकर 724 जागरूकता रैलीए स्कूलो की साफ सफाई तथा स्कूलों में मेला का भी आयोजन किया गया। दिव्यांग कल्याण समिति द्वारा बताया गया कि कोई भी बच्चा ए0ई0एसध्जेई के कारण दिव्यांग नही हुआ है। बाल विकास विभाग द्वारा कुल 15203 महिलाओं की बैठक कर उन्हें संचारी रोग के विषय में जागरूकता पैदा करने का काम किया गया। कृषि विभाग के द्वारा भी जनपद में व्यापक पैमाने पर प्रचारण्प्रसार किया गया। पशु पालन विभाग द्वारा 79 सूकर पालकों का संवेदीकरण किया गया एवं 16 सूकरबाड़ों की सफाई का भी कार्य कराया गया। बैठक में भाग लेने वाले वाले विभागों को यह निर्देशित किया गया। यह संचारी रोग अभियान मुख्यमंत्री द्वारा संचालित कार्यक्रम में गति लाइ जाये जिससे अभियान को पूर्णत सफल हो सके।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सी0एल0 वर्मा ने बताया कि क्लोरीनेशन डेमोए एण्टीलार्वल व टीमोफास का छिड़काव रूके हुए पानी में कराये इसके साथ ही साथ जमे हुए पानी में जहां एण्टीलार्वल का उपयोग न हो सके तो जले हुए मोबिल या मिट्टी का तेल पानी में डाले।

जिला मलेरिया अधिकारी संजय द्विवेदी के द्वारा अर्न्तविभागीय विभागों के कार्यो पर विस्तृत चर्चा किया गया बैठक के दौरान यूनीसेफ व डब्लूएचओ के अलावा तमाम संस्थाओ के कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये जिस पर सभी सहयोगी संस्थाओं से भी कहा गया कि प्रचारण्प्रसार के साथण्साथ कृत कार्यवाही का विस्तृत ब्यौरा फोटो सहित प्राप्त कराना सुनिश्चत करावें नही तो उनके द्वारा कार्य को विभाग नही मानेगा और विभागीय स्तर से नोटिस देने के बाद उनकी रिपोर्ट शासन स्तर पर करने का कार्य किया जायेगा।

## आर्मी ग्राउंड करहट में हुई भव्य दौड़ प्रतियोगिता संपन्न

प्रखर मिर्जापुर। नारायणपुर क्षेत्र के ग्राम सभा करहट में आयोजित आर्मी ग्राउंड पर भव्य दौड़ प्रतियोगिता संपन्न हुआ। दौड़ प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के साथ-साथ अन्य प्रदेशों से भी प्रतिभागी प्रतिभाग किये। उक्त प्रतियोगिता में सर्वप्रथम मैराथन 10 किलोमीटर की दौड़ संपन्न हुई वही 1600 मीटर एवं 800 मी की दौड़ तथा बालिकाओं के लिए 3 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजक युवा शक्ति आर्मी ग्राउंड करहट ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें साई नाथ हॉस्पिटल डॉक्टर अमित तिवारी, एवं महेश यादव श्याम स्टील तथा एग्रो पावर दिनेश मौर्य का सहयोग प्राप्त हुआ है। दौड़ प्रतियोगिता के अध्यक्षता कर रहे राजेश यादव फौजी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनको सेना में भर्ती हो कर देश सेवा करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि विनोद यादव पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन पूजा समिति वाराणसी, विशिष्ट अतिथि सुनील यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा शक्ति संघ, अर्जुन सिंह अध्यक्ष पूर्वांचल कुश्ती संघ, सुनील गुप्ता भामाशाह जनशक्ति पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए आयोजक मंडल का धन्यवाद दिया। वही आयोजक आर्मी ग्राउंड परिवार करहट अध्यक्ष उजागर सिंह यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत व किया कार्यक्रम का संचालन अभय कुमार पीके द्वारा किया गया एवं आभार उपाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ यादव ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### 15 नंबर बिजली घर हटाकर पुल बनाए जाने की मांग को लेकर पूर्व मंडी अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने हरिद्वार के जिलाधिकारी धीरज सिंह गर्ब्याल से मुलाकात कर ज्ञापन प्रेषित किया

प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। मोती बाजार पुरानी सब्जी मंडी कुशा घाट मार्ग पर पुराने बिजली घर 15 नंबर को हटाकर मोती बाजार से रोड़ी बेलवाला से जोड़े जाने को लेकर मां गंगा पर पुल के निर्माण की मांग को लेकर पूर्व मंडी अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय चोपड़ा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल के रूप में हरिद्वार के जिलाधिकारी धीरज सिंह गर्ब्याल से जिला मुख्यालय रोशनाबाद स्थित कार्यालय पर मुलाकात कर पुल के निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय व्यापारियों की तरफ से ज्ञापन प्रेषित किया। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष, भाजपा नेता संजय चोपड़ा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में धर्मनगरी हरिद्वार के सर्वज्ञ विकास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विकास की योजनाएं बनाई जा रही है इन सभी विकास की योजनाओं में दो पुलों के निर्माण तीर्थ यात्रियों, स्थानीय नागरिकों की जरूरत के हिसाब से शीघ्र किए जाने की आवश्यकता है प्रथम रूप से पुरानी बड़ी सब्जी मंडी चौक से कुशा घाट मार्ग बद्री बावला धर्मशाला के निकट पुराना बिजली घर 15 नंबर को हटाकर पुल का निर्माण किया जाना वही खड़खड़ी श्मशान घाट के सामने भी प्राथमिकता के आधार पर पुल का निर्माण किया जाना न्याय संगत होगा। जिलाधिकारी धीरज सिंह गर्ब्याल से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में राजेश खुराना, संजय बंसल, राजकुमार एंथोनी, मनोज कुमार, कुंवर सिंह मंडवाल, अवधेश कोटियाल, मनोज, श्याम सुंदर राजपूत, सचिन राजपूत आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### थाना मेहदावल पर आयोजित की गयी पीस कमेटी की मीटिंग

प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संतबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्योहार लक्ष्मी पुजा को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना मेहदावल पर उपजिलाधिकारी मेहदावल की अध्यक्षता व क्षेत्राधिकारी मेहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया,प्रभारी निरीक्षक मेहदावल विजय कुमार दुबे की उपस्थिति में क्षेत्र के शांति समिति के पदाधिकारियों, लक्ष्मी पूजा मंडली के आयोजकों, डीजे संचालकों, मूर्तिकारों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया । इस दौरान त्यौहार की तैयारियों एवं व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई व संभ्रांत व्यक्तियों से सुझाव भी लिये गये । त्यौहारों के संबंध में शासन के दिशा निर्देशों से सभी को अवगत कराया गया व सभी से आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारा, समरसता, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की अपील की गई । गोष्ठी के दौरान लोगों में किसी भी प्रकार का विवाद न होने देने, त्योहारों पर अशान्ति व उपद्रव करने वाले अराजक तत्वो की पहचान कर तुरंत सूचना देने, त्यौहार में कोई नई परंपरा न डालने, निर्धारित मानक के अनुसार ही लाउडस्पीकर का प्रयोग करने के साथ साथ ही किसी भी प्रकार के अफवाह एवं झूठी व भ्रामक खबरों को प्रचारित/प्रसारित नहीं करने तथा किसी भी प्रकार की घटना के संबंध में तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करने हेतु अवगत गया।

### वोटर चेतन महा अभियान के अंतर्गत, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया घर-घर सम्पर्क

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी के वोटर चेतन महा अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची के पुनरीक्षण हेतु दिनांक 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक घर-घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह जी ने पाली तथा रिठुआखोर शक्ति केंद्र,माननीय विधायक सहजनवां प्रदीप शुक्ला जी ने घघसरा तथा डोहरिया शक्ति केंद्र,अध्यक्ष घघसरा नगर पंचायत अध्यक्ष घघसरा प्रभाकर दुबे ने शक्ति केंद्र पनिका तथा तिलौरा,ब्लॉक प्रमुख श्रीमान शशि प्रताप सिंह ने शक्ति केंद्र रिठुआखोर ,श्रीमान रमेश चंद्र गुप्ता जी ने शक्ति केंद्र सेमरडाड़ी ,श्रीमान मनोज सिंह जी ने शक्ति केंद्र भरपहीं तथा पूर्व मंत्री श्रीमान अश्वनी त्रिपाठी जी ने शक्ति केंद्र बवन्डरा तथा भैंसला में संबंधित पार्टी पदाधिकारीओं एवं बुध अध्यक्षों के साथ सघन घर-घर संपर्क अभियान चलाया।जिसमें कुल मिलाकर लगभग 700 से अधिक लोगों को नए मतदाता के रूप में जोड़ा गया पाली भाजपा के सभी प्रवासी, संयोजक, प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष गणों ने पूरे मनियोग से अपने-अपने दायित्व का निर्वहन किया। इस संपूर्ण अभियान का मंडल स्तर पर कुशल संयोजन इस अभियान के मंडल संयोजक श्रीमान त्रयम्बक उपाध्याय तथा सहसंयोजक श्रीमान विजय बहादुर सिंह जी ने किया।

### नयी दिशा द्वारा बाल्मीकिनगर में वृहद पौधरोपण का आयोजन

प्रखर कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरणीय संतुलन हेतु चलाये जा रहे पौधरोपण एवं संरक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर के बाल्मीकिनगर पूर्व टोला स्थित काली माँ मंदिर के परिसर में पीपल, पाकड़, बरगद, गूलर, कटहल, गुड़हल इत्यादि के पौधों का ट्री गार्ड के साथ रोपण किया गया। ग्रामवासी सीए अंजनी नंदन सिंह का पौधों और ट्री गार्ड में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित नपाप कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कहा कि प्रकृति संरक्षण हेतु हम सभी को मिलकर कदम बढ़ाना होगा। उन्होंने स्थानीय निवासियों को कोरोना संकट और ऑक्सीजन की महत्ता की याद दिलाकर लगाए हुए पौधों के देख भाल की अपील की। इस दौरान निवासियों ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी और उन्हें सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुआ। ग्राम की मातृ शक्ति ने पौधरोपण में बढ़ चढ़कर सहभागिता दिखाई। उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र ने कार्यक्रम में सहभागी सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विवेक पाल, संदीप कुशवाहा, रमेश, जगदीश, कमलेश, अवधेश सिंह, सभासद प्रतिनिधि मिथलेश शर्मा, रमावती देवी, चंद्रावती देवी, सरस्वती देवी, विजय, ललिता पाल, दशवाती देवी, प्रभावती देवी, पाना देवी, प्रेमशीला देवी, नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र इत्यादि उपस्थित रहे।

### यातायात माह में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों को नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक

प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ के निकट पर्यवेक्षण में यातायात माह में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रभारी यातायात परमहंस मय टीम द्वारा एसपी मेमोरियल बुधाकला संतकबीरनगर के छात्र छात्राओं को स्कूल के प्रबंधक व अध्यापकों की उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। प्रभारी यातायात द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया गया की वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक संतोष कुमार पाण्डेय, स्काउट गाइड ट्रेनर शिवम सिंह व राजेश्वरी चौरसिया सहित हे0 का0 आनंद मोहन सिंह,हे0 का0 सुरेंद्र प्रसाद व स्कूल के अध्यापकगण आदि मौजूद रहे।



# लिटिल बॉय से 24 गुना खतरनाक अमेरिका बनाएगा सबसे ताकतवर परमाणु बम

## लिटिल बॉय से कितना खतरनाक होगा बी61-13?

1945 में दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हिरोशिमा पर जो परमाणु बम गिरा था, उसका नाम लिटिल बॉय था। हिरोशिमा पर जब ये बम गिरा था, तब वहां की आबादी 3.20 लाख थी। इस बम से 1945 के आखिर तक ही 1.40 लाख लोगों की मौत हो गई थी। लिटिल बॉय का वजन 9,700 पाउंड था, जबकि इसका डायमीटर 28 इंच था। इसमें 141 पाउंड यूरेनियम था। जबकि, बी61-13 में प्लूटोनियम होगा। इसका वजन 360 किलोटन होगा। इसका डायमीटर 13.3 इंच होगा।

## बी61 फैमिली का 13वां वैरिएंट और ग्रेविटी वाला बम

**नई दिल्ली।** अमेरिका अब तक का सबसे ताकतवर परमाणु बम बनाने की तैयारी कर रहा है। इसे जापान के हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से भी 24 गुना ज्यादा ताकतवर बताया जा रहा है। इसका नाम बी61-13 है। ये बी61 फैमिली का 13वां वैरिएंट होगा। ये एक ग्रेविटी बम होगा। इसका मतलब हुआ कि इस तरह के बम को टारगेट पर सीधा गिरा दिया जाता है। न कि किसी मिसाइल से लॉन्च किया जाता है। बी61-13 को बनाने का काम नेशनल न्यूक्लियर सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन की देखरेख में होगा। अमेरिका ने ये ऐलान ऐसे समय किया है जब हाल ही में चीन ने 2030 तक अपने परमाणु हथियार दोगुने करने की बात कही है। और रूस भी परमाणु हथियारों के परीक्षण पर रोक लगाने वाली संधि से बाहर आ गया है। बी61-13 देखने में बी61-7 की तरह ही होगा। लेकिन इसमें सेफ्टी और कंट्रोल फीचर्स ज्यादा बेहतर होंगे। इसमें अपग्रेडेड टेल किट भी होगी, जो इसे टारगेट पर सीधा गिरने में मदद करेगा।



### कितनी तबाही मचा सकता है बी61-13?

हिरोशिमा पर जो बम गिरा था, उससे 6650 डिग्री सेल्सियस की गर्मी निकली थी। अब सोचिए कि बी61-13 इससे 24 गुना ज्यादा ताकतवर है तो इससे कितनी गर्मी निकलेगी। बी61-13 को जब कहीं पर गिराया जाएगा तो उससे बहुत तेज कंपन होगा। करीब साढ़े छह किलोमीटर के दायरे तक इसकी आग फैलेगी। और 100 किलोमीटर के दायरे में आने वाली जमीन पूरी तरह तबाह हो जाएगी। मानवाधिकार संगठन वेजिंग पीस का अनुमान है कि जब 300 किलोटन से ज्यादा वजनी परमाणु बम गिरेगा तो उसके बाद कम से कम 6 घंटे तक तो सिर्फ आग ही जलती रहेगी। इससे 100 किलोमीटर के दायरे का पर्यावरण तो खराब हो जाएगा। अनुमान है कि जब बी61-13 गिरेगा तो कुछ ही घंटों में 10 लाख से ज्यादा मौतें, जबकि 20 लाख से ज्यादा बुरी तरह झुलस जाएंगे। बी61-13 की टेल किट को ऐसा डिजाइन किया जाएगा, जो इसकी सटीकता को बढ़ाएगा।

### क्यों बनाया जा रहा इतना शक्तिशाली बम?

कोल्ड वॉर के समय जब अमेरिका और रूस में परमाणु हथियारों की होड़ मची थी, तब अमेरिकी भंडार में बी61-7 सबसे अहम बम था। इसे 1980 के दशक में बनाया गया था। अमेरिका के भंडार में अभी भी कुछ बी61-7 बम रखे हैं। इनकी शेल्फ लाइफ 12 साल होती है। ओबामा की सरकार में बी61-12 को मंजूरी मिली थी। ये अमेरिकी इतिहास में सबसे महंगा प्रोजेक्ट था। बी61-12 के मुकाबले बी61-13 ज्यादा ताकतवर और ज्यादा शक्तिशाली है। इसमें गाइडेड टेल किट है। बी61-13 में एक खास बात ये भी है कि इसे हवा में भी विस्फोट किया जा सकता है। हालांकि, अभी तक बी61-13 को अमेरिकी संसद से मंजूरी नहीं मिली है। मंजूरी मिलने के बाद ही इस पर काम शुरू हो सकेगा।

## सट्टा ऐप को लेकर स्मृति ने छत्तीसगढ़ सीएम से पूछे सवाल



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने सट्टा मामले को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस से कई सवाल पूछे हैं। कांग्रेस नेताओं ने इस पर उन्हें जवाब देते हुए पलटवार किया है।

स्मृति इरानी ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, सट्टे का खेल छत्तीसगढ़ कांग्रेस नेतृत्व का एक बहुत बड़ा चेहरा बन चुका है। कल (छत्तीसगढ़ के सीएम) भूपेश बघेल जी के खिलाफ कुछ चौंका देने वाले तथ्य देश के सामने प्रस्तुत हुए हैं। उन्होंने कहा, असीम दास नामक एक व्यक्ति से 5 करोड़ 30 लाख से ज्यादा पैसा बरामद हुआ है। उन्होंने सवाल किया, क्या ये सत्य है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेताओं को शुभम सोनी के माध्यम से असीम दास पैसे पहुंचाते थे? क्या ये सत्य है कि शुभम सोनी ने एक वॉइस मैसेज के माध्यम से असीम दास को ये आदेश दिया गया कि वो रायपुर जाएं और भूपेश बघेल को चुनाव के खर्चे के लिए पैसा दें?

### कांग्रेस ने क्या कहा?

कांग्रेस के कई नेताओं ने स्मृति इरानी को जवाब दिया है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने कहा, उनके पास अगर कोई जानकारी और सबूत है तो सामने क्यों नहीं रखती, आरोप क्यों लगा रही हैं? उन्होंने कहा, यह वही ईडी है, जिसके अधिकारियों के घरों में भारी मात्रा में पैसा मिला है।

### जंग का 29वां दिन: यूएन ने कहा-वहां एक भी जगह सुरक्षित नहीं बची

# गाजा की मस्जिदों पर इजराइली हमले, मलबे में दबे 2,200 लोग, इनमें से 1,250 बच्चे

**तेल अवीव**

इजराइल-हमास जंग के 29वें दिन यूएन का कहना है कि गाजा में कोई भी जगह सुरक्षित नहीं बची है। वहीं, अलजजीरा के मुताबिक, गाजा की हेल्थ मिनिस्ट्री का कहना है कि लगातार हो रही इजराइली बमबारी के कारण यहां 2,200 लोग मलबे में दबे हैं। इनमें 1,250 बच्चे हैं। सेना मस्जिदों पर भी हमला कर रही है।

इस बीच तुर्किये ने अपने राजदूत को इजराइल से वापस बुला लिया है। वहीं, अल-अक्सा रेडियो के मुताबिक इजराइल ने हमास चीफ इस्माइल हानिए के घर पर हमला किया है। इस घर में उसका परिवार रहता था, लेकिन हमले के वक्त वे वहां थे या नहीं इस बात की जानकारी फिलहाल नहीं मिल सकी है।

इधर, सेना ने कहा है कि गाजा अब 2 हिस्सों में बंट गया है। साउथ गाजा में हम मानवीय सहायता पहुंचा रहे हैं। वहां अगर कोई हमास लड़ाका पहुंच रहा है तो उसे मार गिराया जा रहा है। वहीं नॉर्थ गाजा में जंग तेज हो चुकी है। वहां फिलिस्तीनियों की जान को खतरा है।



### गाजा के सबसे बड़े रिफ्यूजी कैंप जबालिया पर दागे 907 किलो के बम

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइल ने 31 अक्टूबर को गाजा के सबसे बड़े रिफ्यूजी कैंप जबालिया पर 907 किलो के बम दागे थे। टाइम्स ने घटना से जुड़े फोटो और वीडियो को एनालाइज किया। इसमें 40 फीट चौड़े 2 गड्ढे दिखे। इस हमले में करीब 195 लोग मारे गए थे। वहीं, अमेरिकी सरकार ने इजराइल से जबालिया कैंप, यूएन स्कूल, अस्पतालों पर किए गए हमले को लेकर जवाब मांगा है।

### बच्चों के अस्पताल पर भी बमबारी

शुक्रवार रात इजराइल ने अल-शिफा अस्पताल के पास एम्बुलेंस पर हमला किया। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस हमले में 13 लोगों की मौत हुई है। इजराइली सेना ने कहा है कि हमास के लड़ाके इस एम्बुलेंस का इस्तेमाल कर रहे थे। इसके जरिए वो उत्तरी गाजा से निकलने की फिराक में हैं। दूसरी तरफ, व्हाइट हाउस ने दावा किया है कि हमास गाजा से निकल रहे विदेशी नागरिकों की सूची में अपने लड़ाकों का भी नाम जोड़ रहा है। इसके जरिए वो उन्हें मिस्र भेजने की कोशिश कर रहा है। वहीं, अलजजीरा ने दावा किया है कि इजराइल ने बच्चों के अस्पताल अल नासर पर बमबारी की है। इसमें कई लोगों के मारे जाने की खबर है। शुक्रवार को इजराइल में फंसे गाजा के हजारों कर्मचारियों को घर जाने की इजाजत मिल गई। दरअसल, इजराइल में करीब 17 हजार फिलिस्तीनियों को काम करने की अनुमति मिली हुई है। इनमें से 3300 फिलिस्तीनी जंग के बीच फंस गए थे।

### हिजबुल्लाह का लीडर हसन नसरल्लाह बोला- इजराइल और पश्चिमी देशों को बड़ा झटका देने की जरूरत

इजराइल-हमास जंग शुरू होने के बाद लेबनान में हिजबुल्लाह लीडर हसन नसरल्लाह ने पहली बार लोगों को संबोधित किया। नसरल्लाह ने कहा, इजराइल और पश्चिमी देशों में मौजूद उसके समर्थकों को 'बड़ा झटका' देने की जरूरत है, ताकि वो हिल जाएं। यह झटका इतना बड़ा होना चाहिए कि कब्जा करने वाले यहूदियों के वॉशिंगटन और लंदन में मौजूद समर्थकों को झकझोरा जा सके। अमेरिका और इजराइल जैसी ताकतें कभी हमें दबा नहीं सकतीं। हमास के 7 अक्टूबर के हमले ने इजराइल को दहला दिया। वो इसे हमेशा याद रखेगा। शहीद होने वाले लड़ाकों, बच्चों, पुरुष और महिलाओं को बधाई। वो इस जहान को छोड़कर ऊपर वाले के पास पहुंच गए हैं और वहां किसी अमेरिका की सल्तनत नहीं है। गाजा में इजराइल के हाथों मरने वालों को जन्नत नसीब हुई है।

### प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू बोले- बंधकों के रिहा होने तक सीजफायर नहीं होगा

इसके कुछ देर बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हमारे दुश्मन और हिजबुल्लाह बहुत अच्छे से समझ लें कि अगर उसने कोई भी हरकत की तो उसे इसकी वो कीमत चुकाना होगी, जिसके वो कल्पना भी नहीं कर सकता। नेतन्याहू ने अमेरिका की उस मांग को भी ठुकरा दिया, जिसमें उसने मानवीय सहायता के लिए कुछ समय तक सीजफायर की अपील की थी। नेतन्याहू ने कहा, यूएस के विदेश मंत्री ब्लिंकन से मेरी बात हुई है। मैंने उन्हें बता दिया है कि जब तक तमाम बंधक रिहा नहीं किए जाते, हम सीजफायर के बारे में सोच भी नहीं सकते।

### सीजफायर के लिए अमेरिका और इजराइल राजी नहीं

इजराइल-हमास जंग के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन शुक्रवार को तीसरी बार तेल अवीव पहुंचे। यहां उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। इस दौरान फिलिस्तीनियों की सुरक्षा पर चर्चा हुई। अमेरिका और इजराइल सीजफायर के लिए राजी नहीं है। उनका मानना है कि सीजफायर से हमास को हमास पुनः संगठित होने और हथियार जमा करने का समय मिल जाएगा। हालांकि अब अमेरिका मानवीय लिहाजे से जंग को रोकने पर चर्चा कर रहा है।

### डीटीसी बस का कोहराम...

## वाहनों समेत कई लोगों को कुचला



**नई दिल्ली**

नई दिल्ली के रोहिणी इलाके में डीटीसी बस बेकाबू हो गई। बस ड्राइवर ने कार सहित दर्जन भर से ज्यादा वाहनों को कुचल दिया और साथ ही एक ई-रिक्शा को भी टक्कर मारी। इस घटना में कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कुछ लोग भी इस घटना में घायल हुए हैं। एक युवक की मौत हो गई है। पूरी घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। दरअसल, घटना दोपहर 2 बजकर 24 मिनट पर हुई। घटना का जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया है उसमें नजर आ रहा है कि दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बस ( डीएल 51 जीडी 8942) के ड्राइवर का बस से संतुलन छूट गया। अनियंत्रित बस ने आगे चल रही कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बस की टक्कर से कार गोल घूम गई और चल रही बाइक और ई-रिक्शा से जा टकराई। ई-रिक्शा भी पलट गया उसमें सवार लोग ई-रिक्शा के नीचे दब गए।

**घटना सीसीटीवी में कैद**

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 9 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को देश के पूर्वी पंजाब प्रांत के मियांवाली जिले में एक एयरबेस पर आतंकवादी हमले को नाकाम कर दिया और नौ आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि हमलावरों ने शनिवार सुबह तड़के एयरबेस पर हमला किया और उनमें से तीन को एयरबेस में प्रवेश करने से पहले ही मार डाला गया, जबकि शेष छह को इमारत के अंदर घेरने के बाद मार गिराया गया।

### Filmiतड़का

## भगवान की भक्ति में रमीं कंगना रनौत, फैन्स बोले- आस्था हो तो ऐसी...



सोमनाथ में टेका माथा, द्वारकाधीश के किए दर्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड की धाकड़ एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी फिल्म तेजस को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इस फ्राइडे थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज के बाद 3 नवंबर को कंगना गुजरात के सोमनाथ मंदिर महादेव के दर्शन करने पहुंचीं, जहां उन्होंने भोलेनाथ की पूजा करके उनका जलाभिषेक किया। जलाभिषेक होने के बाद सोमनाथ ट्रस्ट के मुख्य पुजारी श्री ने कंगना को चंदन का तिलक लगाकर खेस ओढ़ाकर आशीर्वाद दिया। आशीर्वाद में एक्ट्रेस को मंदिर का प्रसाद भी दिया गया। ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव के दर्शन करने के बाद कंगना रनौत बेहद खुश नजर आईं। सोमनाथ मंदिर के बाद कंगना ने श्री कृष्ण की मोक्ष भूमि के दर्शन किए, जो कि सोमनाथ मंदिर के काफी करीब है। ये पहला मौका नहीं है, जब कंगना किसी धार्मिक यात्रा पर निकली हैं। इससे पहले भी उन्हें कई मंदिरों में पूजा अर्चना करते देखा गया है। तेजस की रिलीज से पहले कंगना ने अयोध्या पहुंच कर भगवान रामलला के दर्शन किए, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना करके प्रभु राम का आशीर्वाद लिया। एक्ट्रेस ने ना सिर्फ भगवान के दर्शन किए, बल्कि अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के कामकाज को भी देखा।

## मेकअप आर्टिस्ट बनीं कैटरीना कैफ फीमेल फैन का मेकअप करती दिखीं



**मुंबई।** एक्ट्रेस कैटरीना कैफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कैटरीना किसी का मेकअप करते नजर आ रही हैं। वे पार्लर में मौजूद एक लड़की का मेकअप करती हुई दिखाई दीं। वो डेनिम ब्लेजर और जीन्स पहने नजर आ रही हैं। कैटरीना की आने वाली फिल्म 'टाइगर-3' है। फिल्म में कैटरीना एक्शन करती नजर दिखाई देंगी। फिल्म 'टाइगर-3' 12 नवंबर को रिलीज होगी।

## राजस्थान पुलिस ने एल्विश यादव को पूछताछ के बाद छोड़ा




**नई दिल्ली।** राजस्थान पुलिस ने शनिवार को यू-ट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी के विजेता एल्विश यादव को पूछताछ के बाद छोड़ दिया है। मेनका गांधी की संस्था की ओर से नोएडा में एल्विश यादव समेत छह लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। ये एफआईआर रेव पार्टी में सांप का जहर मुहैया करवाने के आरोप में दर्ज की गई है। कोटा ग्रामीण के सुकेत थाना इलाके में शनिवार को नाकाबंदी कर पुलिस चैकिंग के दौरान एक कार को रोका गया था, जिसमें एल्विश यादव समेत तीन लोग सवार थे।

### अयोध्या में सातवें दीपोत्सव की तैयारियां तेज, बनेगा एक और विश्व रिकॉर्ड

## 11 को सरयू के किनारे जलेंगे 21 लाख दीये

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में सरयू सलिला के किनारे राम की पैड़ी पर सातवें दीपोत्सव में इक्कीस लाख दीये जलाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने बताया कि सातवां दीपोत्सव सरयू सलिला के किनारे राम की पैड़ी पर 11 नवंबर को इक्कीस लाख दीये जलाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिसके लिए पच्चीस हजार वालंटियर, चौबीस लाख पचास हजार दीप सजाएंगे। अभी तक घाटों पर सजाने के लिए अठारह लाख पचास हजार दीये की खेप पहुंच चुकी है। इसके अलावा घाटों पर स्थित स्टोर में बयासी हजार लीटर तेल भी संग्रहित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी सात नवंबर तक दीये व अन्य दीपोत्सव सामाग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी और आगामी दस नवंबर तक सभी घाटों पर दीये सजा दिए जाएंगे। ग्यारह नवंबर को दीपोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सातवें दीपोत्सव में लक्ष्य बड़ा है।



### चेतावनी: भूकंपविज्ञानी ने जताई पश्चिमी नेपाल के साथ देहरादून में भी बड़े भूकंप की आशंका

# 520 साल से जमा एनर्जी बन रही बड़े भूकंप का खतरा

**नई दिल्ली।** भारत के पड़ोसी देश नेपाल में शुक्रवार रात आए 6.4 तीव्रता वाले भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। भूकंपविज्ञानी का कहना है कि खतरनाक हिमालयी भूकंपीय क्षेत्र पर स्थित नेपाल अत्यधिक भूकंप-संभावित देश है और इसके भूकंप प्रभावित पश्चिमी पर्वतीय क्षेत्र में बड़े भूकंप का खतरा होने की सबसे ज्यादा आशंका है। रिपोर्ट के मुताबिक, नेपाल दुनिया का 11वां सबसे अधिक भूकंप झेलने वाला देश है, इसलिए जब शुक्रवार देर रात नेपाल के सुदूर पश्चिमी पर्वतीय क्षेत्र में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, तो यह पहला भूकंप नहीं था। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि शुक्रवार आधी रात को पश्चिमी नेपाल में आया भूकंप इस साल नेपाल में आए 70 से ज्यादा भूकंपों की लंबी लिस्ट में से एक था।



### 520 साल से नहीं आया बड़ा भूकंप

भूकंप विज्ञानी कोइराला ने बताया कि पश्चिमी नेपाल में भूकंप का सबसे ज्यादा खतरा है। पिछले 520 वर्षों से पश्चिमी नेपाल में कोई बड़ा भूकंप नहीं आया है, इसलिए बहुत सारी एनर्जी जमा हो गई है भूकंप ही उस एनर्जी को मुक्त करने का एकमात्र तरीका है।

### देहरादून भी खतरे की जद में

कोइराला ने बताया कि पश्चिमी नेपाल के गोरखा (जिला) से लेकर भारत के देहरादून तक टेक्टोनिक हलचल के कारण बहुत सारी एनर्जी जमा हो गई है, इसलिए इस एनर्जी को जारी करने के लिए इन क्षेत्रों में छोटे या बड़े भूकंप आ रहे हैं, जो बेहद सामान्य है।

### हर 100 साल आगे खिसक रही प्लेट

दुनिया की सबसे नई माउंटेन रेंज हिमालय है। इसके दक्षिणी छोर पर तिब्बत और भारतीय महाद्वीपीय प्लेट के टकराव परिणामस्वरूप यूरेशियाई प्लेट ऊपर उठ रही हैं और टेक्टोनिक रूप से विकसित हो रही हैं। ये प्लेट हर 100 साल में 2 मीटर आगे खिसक रही हैं।

### नेपाल में हर दिन आते हैं भूकंप

भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र के आंकड़ों से पता चलता है कि 1 जनवरी 2023 से अब तक नेपाल में 4.0 और उससे अधिक तीव्रता के 70 भूकंप आए हैं। टेक्टोनिक प्लेट मूवमेंट के माध्यम से एकत्र हुई एनर्जी रिलीज करने सदियों से हर दिन दो या अधिक तीव्रता के भूकंप आते रहे हैं।

प्रापर्टी मार्केट

# बुल रन से खुद को रखें दूर

प्रापर्टी बाजार भी अपने आप में अनूठा बाजार है। इस बाजार में डेवलपर कंपनी अपनी ब्रांड इमेज बेहतर बनाने के लिए अक्सर कृत्रिम तेजी अथवा गिरावट लाती हैं। इस बाजार की तुलना आप स्टाक मार्केट से भी कर सकते हैं जहां शेयरों में कृत्रिम तेजी या गिरावट लाकर उनकी खरीद-फरोख्त करके मुनाफा कमाया जाता है। अगर आप भी प्रापर्टी मार्केट में खरीद-फरोख्त कर रहे हैं तो इस तरह के बुल रन से आपको दूर रहना होगा



प्रदीप मिश्रा

एक्सपर्ट रियल एस्टेट

आमतौर पर शेयर बाजार में इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द 'बुल ऐंड बियर' के बारे में आपने जरूर सुना होगा। 'बुल' जहां शेयर बाजार को चढ़ाने का काम करते हैं वहीं बियर्स शेयर बाजार में गिरावट के संकेतक के रूप में देखा जाता है। शेयर बाजार की यह टर्मिनोलॉजी बीते कुछ समय से रियल्टी सेक्टर में भी देखने को मिल रही है। संभव है आपने भी गौर किया हो कि किसी क्षेत्र विशेष में जब कोई संपत्ति किसी खास दाम या फिर उस क्षेत्र में बिकी दूसरी संपत्ति से भी ज्यादा दामों पर बिक जाती है तो उस क्षेत्र की अन्य संपत्तियों के लिए विक्रेता उसी अनुपात में कीमत मांगना शुरू कर देते हैं। जाहिर है कि विक्रेता तो अपनी संपत्ति की अधिक से अधिक कीमत चाहेगा, लेकिन यहां सवाल है कि क्या क्रेता यानी संपत्ति के खरीदार को उसी कीमत को ही स्वीकार कर लेना चाहिए या फिर उस क्षेत्र विशेष में उसे कीमतों का औसत निकालने के बाद संपत्ति खरीदने का निर्णय करना चाहिए। आज के लेख में हम यह जानेंगे कि संपत्तियों के दाम कृत्रिम रूप से कैसे बढ़ाए जाते हैं, इन्हें कौन बढ़ाता या बढ़वाता है और खरीदार को क्या उपाय करने चाहिए।

### मुनाफा बढ़ाने को कीमतों में लाई जाती है कृत्रिम तेजी

किसी क्षेत्र में जब कोई संपत्ति बहुत महंगे दाम पर बिकती है तो लोगों की जुबान पर उसका नाम आने लगता है। साथ ही उस क्षेत्र में यदि आपूर्ति सीमित हो तो कीमतों में और ज्यादा उछाल आने लगता है। मुंबई के जुहू, विले पार्ले के अलावा दिल्ली के लुटियन जोन में आने वाले क्षेत्र इसके ही उदाहरण हैं। लुटियन जोन में अक्सर आपने भी 200 से 500 करोड़ रुपायो की कीमत में बंगलों के बिकने की खबरें पढ़ी या सुनी होंगी। सत्ता का केंद्र कहे जाने वाले इस क्षेत्र में संपत्तियों की संख्या सीमित है क्योंकि यहां नए निर्माण की मनाही है। ऐसे में अव्वल तो यहां संपत्ति उपलब्ध नहीं होती और जब उपलब्धता आती है तो 'एक अनार सौ बीमार' वाली कहावत की तरह उसके सैकड़ों खरीदार होते है। इसी तरह किसी विकसित हो रहे इलाके में जिसमें कीमत का बेंचमार्क 3000 रुपये प्रति फुट का हो और वहीं कोई नया प्रोजेक्ट आए जिसमें 3200 या 3500 रुपये कीमत की संपत्तियों की बिक्री हो तो उसके बाद आने वाली परियोजनाओं में संपत्ति का दाम खुद ही 3600 से 3800 रुपये प्रति वर्ग फुट तक का पहुंच जाता है। ऐसा बिल्डर्स भी अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए करते है। यहां एक सवाल यह भी है कि बिल्डरों और डेवलपर्स को ऐसा करके क्या फायदा मिलता है?

#### सेल्स स्ट्रेटेजी

संपत्तियों के महंगे स्तर पर ले जाने से बिल्डरों को सेल्स स्ट्रेटजी बनाने में भी काफी मदद मिलती है। विशेष तौर पर इसका सीधा लाभ उन्हें उनकी आगामी परियोजनाओं में मिलता है। आमतौर पर बिल्डर्स अपनी वेबसाइटों पर अपने पुराने कामों का ब्योरा डालकर रखते हैं और उसमें यह सूचना भी रहती है कि उस परियोजना को कितने दामों पर बेचा गया था। बाजार में कुछ ऐसे ग्राहक भी रहते हैं जो अधिक कीमत के उत्पाद को बेहतर समझते हैं जबकि वास्तव में वैसा ही होने की कोई गारंटी नहीं हो सकती। फिर भी बिल्डर को उस लिहाज से भी अधिक कीमत का फायदा मिल ही जाता है। इसके अलावा जब किसी क्षेत्र में संपत्तियों के दाम अधिक चढ़ जाते हैं तो वहां के किरायों में भी अनुपात के रूप में बढ़ोतरी होने लगती है। विशेष तौर पर ऐसा तब भी होता है जब लुटियन जोन की तरह संपत्तियों की बिक्री और किराये के रूप में भी मिलने की उपलब्धता सीमित एवं न्यूनतम हो।

### ब्रांड इमेज को बढ़ावा

महंगे दाम पर संपत्ति बेचने से बिल्डरों की ब्रांड इमेज पर सकारात्मक असर पड़ता है। कहीं न कहीं बाजार में बिल्डर की छवि हायर क्लास को टारगेट करने वाली और उन्हीं के लिए मकानों का निर्माण करने जैसी बनती है। इसके अलावा महंगे दाम पर संपत्तियों की बिक्री से यह भी मान लिया जाता है कि प्रोजेक्ट की कंस्ट्रक्शन की गुणवत्ता उस क्षेत्र की दूसरी परियोजनाओं की तुलना में कहीं बेहतर होगा। लेकिन कई बार ऐसी मान्यता ही बन पाती है और वह जमीनी हकीकत से कोसों दूर रह जाती है।

### क्या करें बायर्स

अपने पिछले लेख में मैंने कहा था कि पूर्व के दशकों की तुलना में आज का खरीदार कहीं अधिक समझदार हो गया है। साथ ही अब वह सिर्फ कीमत पर ध्यान नहीं देता वरन उसके ध्यान में उस क्षेत्र में मिलने वाली सुविधाएं अधिक होती है। इन सुविधाओं को स्कूल-कालेज, अस्पताल, रोजमर्रा की खरीदारी के लिए बाजार, मनोरंजन के लिए पार्क और सिनेमा आदि की व्यवस्थाएं, अच्छी पहुंच के लिए सड़कों और सार्वजनिक परिवहन के साधनों की सुविधा वगैरह को इस रूप में देखा जा सकता है। ऐसे में ग्राहकों को मेरी यह सलाह भी है कि वह बुल या आर्टफीशियल प्राइसिंग के बहकावे से खुद को बचाये रखें और कीमत से पहले उस क्षेत्र की लोकेशन और वहां मौजूद सुख-सुविधा के साधनों पर ध्यान दें। किसी नए प्रोजेक्ट में बिल्डर द्वारा तय की गई कीमत को आंख मूंद का स्वीकार न करें क्योंकि अक्सर ऐसा देखा जाता है कि एक ही क्षेत्र में अलग-अलग परियोजनाओं की कीमतें अलग होती हैं। ऐसे में सबसे पहले उस क्षेत्र की औसत कीमत की परख करें और जो परियोजना या सपंत्ति आपको अपनी जरूरत के मुताबिक मुफीद लगती है उसमें निवेश का मन बनाएं ऐसा करके आप सही दाम पर संपत्ति खरीद सकेंगे और भविष्य में उसे बेचने पर आपको उचित कीमत मिलने पर अच्छा लाभ मिल सकेगा।



#### शेयर प्राइस पर असर

स्टाक मार्केट में लिस्टेड बिल्डर यदि महंगी संपत्तियां बेचते है तो उसका सीधा असर कहीं न कहीं उनके शेयर के दामों पर भी पड़ता है। न सिर्फ दिल्ली और मुंबई बल्कि दक्षिणी भारत से निर्माण कामों की शुरुआत करने वाले अनेक बिल्डर्स बीएसई या फिर एनएसई में लिस्टेड हैं और अपने काम के दाम पर स्टाक एक्सचेंज में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। यही नहीं ऐसा होने से न सिर्फ देशी बल्कि विदेशी निवेशक भी ऐसे बिल्डर्स के स्टाक्स में निवेश की दिली इच्छा रखते हैं।

म्यूचुअल फंड उद्योग

# हाई रिटर्न योजनाओं का आ सकता है दौर



कमाल अहमद रूमी

आर्थिक पत्रकार

**लंबी अवधि यानी 10 साल या 20 साल के लिए निवेश वाली म्यूचुअल फंड योजनाओं में रिटर्न का प्रतिशत कम रहने से ऐसी आशंका है कि निवेशक जल्द ही इससे विमुख होने लगेंगे। इसी को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि बाजार नियामक जल्द ही कोई ऐसी योजना लाने की अनुमति दे सकता है जिसमें रिटर्न की दर काफी ज्यादा हो। हालांकि इस तरह की योजना के बारे में अभी सिर्फ एक प्रस्ताव तैयार किया गया है अगर संबंधित पक्षकार इस पर अपनी रजामंदी जता देते हैं तो संभवतः जल्द ही हाई रिटर्न वाली म्यूचुअल फंड योजनाएं लांच हो जाएंगी**

अक्सर देखा जाता है कि निवेशक अपने निवेश पर ज्यादा से ज्यादा रिटर्न पाने के लिए शेयर बाजारों में एक बड़ी रकम निवेश कर देते हैं। वे अपनी रकम को इक्विटी स्कीमों में निवेश करना पसंद करते हैं। इक्विटी स्कीम अन्य योजनाओं की तुलना में कुछ ज्यादा रिटर्न देती रही हैं। निवेशकों की जरूरत को समझते हुए सभी म्यूचुअल फंड हाउस के समक्ष हाई रिटर्न वाली म्यूचुअल फंड योजना शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है। अगर फंड हाउस इस प्रस्ताव पर सहमत होते हैं तो जल्द ही भारतीय बाजार में हाई रिटर्न वाली म्यूचुअल फंड योजनाएं लांच हो सकती हैं।

### फिलहाल ज्यादा जोखिम ले रहे निवेशक

फिलहाल निवेशकों द्वारा ऊंचा रिटर्न पाने के लिए जो तरीका अपनाया जा रहा है उसमें जोखिम काफी ज्यादा होता है। हाई रिटर्न पाने के लिए निवेशक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज यानी पीएमएस में निवेश करते हैं। हालांकि पीएमएस में निवेश करने पर जोखिम का प्रतिशत काफी ज्यादा होता लेकिन फिर भी निवेशक मोटी कमाई की लालच में जोखिम सहने को भी तैयार रहते हैं। इसके अलावा कई बार निवेशक गैर पंजीकृत फाइनेंशियल एडवाइजर की सलाह मानकर ऐसे शेयरों में निवेश कर देते हैं जो मोटी कमाई देना तो दूर अलबत्ता उनकी खासी रकम डूब जाती है। अगर हाई रिटर्न स्कीम्स को चौतरफा समर्थन मिलता है तो यह योजना जल्द शुरू की जा सकती है।



### हाई रिटर्न योजना का कैसा होगा स्वरूप

हालांकि अभी यह योजना शुरुआती चरण में है लेकिन फिर भी जानकारों का मानना है कि अगर हाई रिटर्न स्कीम की शुरुआत की जाती है तो संभवतः निवेशकों की रकम छोटी-छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश की जा सकती है। इसके अलावा ऐसे शेयरों में निवेश की राह भी खुल सकती है जिनकी कीमत एक या दो रुपए अथवा 10 से 20 रुपये के आसपास होती है। इन्हें माइक्रो स्टॉक या पेनी स्टॉक भी कहा जाता है। उम्मीद की जा रही है कि इस तरह की कोई भी योजना बनने पर निवेश की रकम स्मालकैप, माइक्रोकैप, मिडकैप, मिनी कैप शेयरों में निवेश की जा सकती है।

### म्यूचुअल फंड की नई श्रेणी में होगा खासा जोखिम

चूंकि छोटे शेयरों या पेनी स्टॉक्स में जोखिम ज्यादा होता है इसलिए इसमें ऐसे निवेशक ही पैसा लगाएंगे जिनकी जोखिम सहने की क्षमता ज्यादा होती है। छोटे शेयरों का हाल यह है कि अगर वह चढ़ते हैं तो बेतहाशा चढ़ जाते हैं और निवेशक मालामाल हो जाते हैं जबकि जब यह गिरते हैं तो मालामाल की जगह कंगाल हो जाते हैं। यही हाल पेनी स्टॉक्स का भी होता है जब यह चढ़ते हैं तो बेतहाशा चढ़ते हैं और जब गिरते हैं तो बेतहाशा गिरते हैं।

### नई कैटेगरी को मिल सकता है समर्थन

उम्मीद की जा रही है कि अगर नई कैटेगरी बनाई जाती है तो इसे निवेशकों का भरपूर समर्थन मिल सकता है। इसकी एक वजह यह भी है कि आज के दौर में लोग एकदम से ज्यादा पैसा कमाने के इच्छुक रहते हैं। और इस कैटेगरी के लांच होने के बाद ऐसे निवेशकों का इनके प्रति आकर्षण बढ़ना लाजिमी है।

#### हाई रिटर्न एमएफ स्कीम के नुकसान

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर हाई रिटर्न वाली म्यूचुअल फंड योजनाओं की एक नई श्रेणी बनाई जाती है तो इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। जैसे अगर इस कैटेगरी के शेयरों में भारी गिरावट आती है तो निवेशकों की सारी की सारी रकम डूब सकती है साथ ही म्यूचुअल फंड उद्योग की साख पर भी बट्टा लग सकता है। इसके अलावा म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के पास पूंजी की कमी का संकट भी पैदा हो सकता है। अर्थात उनकी लिक्विडिटी कम हो सकती है।

### सुरक्षा का दायरा सख्त होगा

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ऐसी स्कीम लांच होती हैं तो इसमें निवेशक के धन की सुरक्षा के लिए कुछ कड़े नियम बनाए जा सकते हैं। उदाहरण के तौर पर इसमें निवेश की अधिकतम सीमा तय की जा सकती है, साथ में किसी सुरक्षित योजना में अतिरिक्त निवेश की शर्त भी रखी जा सकती है। इस तरह की योजनाओं में सिर्फ सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के तहत निवेश की अनुमति दी जा सकती है। एकमुश्त मोटी रकम के निवेश को इसमें प्रतिबंधित किया जा सकता है। ■

एक अध्ययन के मुताबिक बीमाधारक अक्सर बीमा सलाहकारों द्वारा बेहतर सेवा न देने की शिकायत करते है, किन्तु कुछ कर नहीं पाते हैं। बीमा नियामक इरडा ने इन बीमाधारकों की समस्याओं को समझते हुए बीमा सलाहकार या एजेंट बदलने की सुविधा प्रदान करने पर काम शुरू कर दिया है। ऐसे बीमाधारक अब प्रारम्भिक प्रीमियम प्रदान करने के उपरान्त यदि बीमा सलाहकार की सेवाओं से संतुष्ट नही हैं तो वह कंपनी के माध्यम से अपना एजेंट या सलाहकार बदल सकेंगे। जल्द ही यह सुविधा मिलने की उम्मीद है

# अच्छी सेवा न देने वाले एजेंट को बदल सकेंगे बीमाधारक



अपूर्व कुमार दत्त

बीमा विशेषज्ञ


दरअसल जीवन बीमा विक्रय एक तकनीकी विषय है। चूंकि यह वैधानिक बाध्यता नहीं है इसलिए इसके महत्व के बारे में लोगों को बताना पड़ता है। इसके लिए बीमा से जुड़ी छोटी-छोटी जानकारियां भी साझा करनी होती हैं, और यह सारा काम बीमा एजेंट अथवा बीमा सलाहकार ही कर सकते हैं। जो लोग जीवन बीमा व्यवसाय में विक्रेता और क्रेता के बीच तालमेल बिठाने का काम करते हैं उन्हें ही बीमा सलाहकार या बीमा एजेंट कहा जाता है। हालांकि आनलाइन जीवन बीमा भी क्रय किया जा सकता है और यदि आनलाइन जीवन बीमा क्रय करने की प्रक्रिया को छोड़ दें, तो बीमा विक्रय करने-कराने हेतु बीमा कंपनी को मध्यस्थ की जरूरत होती है। इसके साथ-साथ बीमा के खरीदार को भी योजना की बारीकियों को समझने के लिए उनकी जरूरत पड़ती है। लेकिन कई बार ऐसा भी होता है कि मध्यस्थ का रवैया अपने ग्राहक के साथ अच्छा नहीं होता। ऐसी स्थिति में कोई बीमाधारक अपने मध्यस्थ अथवा बीमा सलाहकार को बदल सकता है। जी... हां... जिस तरह बीमा कंपनियों या मोबाइल फोन कंपनियों में ग्राहकों को कंपनी बदलने अर्थात पोर्टेबिलिटी की सुविधा मिलती है ठीक उसी तरह जल्द ही अपने बीमा सलाहकार को भी आप बदल सकेंगे। बीमा नियामक फिलहाल ऐसी ही एक योजना पर काम कर रहा है।

### पोर्टेबिलिटी पर काम जारी

बीमाधारक को जल्द ही अपना बीमा सलाहकार या बीमा एजेंट बदलने का अधिकार मिलने जा रहा है। बीमा नियामक इरडा जीवन बीमा बीमाधारकों को एजेंट पोर्टेबिलिटी का अधिकार प्रदान करने जा रहा है। इसके तहत यदि बीमाधारक अपने बीमा सलाहकार की सेवाओं से असंतुष्ट है अथवा उसके व्यवहार कामकाज से खुश नहीं है तो वे उसे आसानी से बदल सकेगा। बीमा नियामक के प्रस्ताव के मुताबिक बीमा सलाहकार बदलने से प्रीमियम धनराशि पर मिलने वाला कमीशन भी नए बीमा सलाहकार को मिलने लगेगा।

#### परिचित बीमा सलाहकारों से ही खरीदें पालिसी

बीमा व्यवसाय में गलत तरीके से पालिसी बेचे जाने की परिपाटी से बचने के लिए खरीदार अपने परिचित बीमा सलाहकारों से हीं जीवन बीमा क्रय करते हैं। जीवन बीमा हमेशा अपने परिचित या विश्वनीय बीमा सलाहकारों से हीं क्रय करना बेहतर होता है ताकि पूरी पालिसी अवधि तक अनवरत सेवा मिलती रहे। बीमा कम्पनियां कभी भी झूठे वादे करके, गलत तरीके से किसी भी योजना को अति-आकर्षक नहीं बनाती हैं, योजनाओं को बनाने के उपरान्त उन्हें बाजार में लाने से पूर्व बीमा नियामक इरडा उनकी बारीकियों का गहनता से अध्ययन करने के उपरान्त हीं अनुमति प्रदान करती हैं। किन्तु फिर भी कुछ कठिन शब्दाब्लियों के फलस्वरूप एजेंट या बीमा सलाहकारों की मदद लेनी पड़ती है।



### सबको नहीं मिलेगी सुविधा

जब बीमा सलाहकार पोर्टेबिलिटी सुविधा शुरू होगी तो सभी पालिसीधारकों को यह सुविधा नहीं प्रदान की जाएगी। यह सुविधा सिर्फ ऐसे पालिसीधारकों को मिलेगी जिनका टर्म इंश्योरेंस प्लान 20 साल की अवधि के लिए होगा। हालांकि बाद में यह सुविधा सभी पालिसीधारकों को मिलेगी या नहीं इसका फैसला अभी नहीं हुआ है लेकिन ऐसी उम्मीद की जा रही है कि बाद में सभी पालिसीधारकों को यह सुविधा मिलने लगेगी।

#### बीमा सलाहकार का चयन

अपने लिए बीमा सलाहकार का चयन काफी सोच विचार कर करना चाहिए। सबसे पहले कोशिश यही करनी चाहिए कि बीमा सलाहकार जान पहचान वाला हो तो बेहतर है। इसके अलावा यह भी देखें कि उसके द्वारा जो पालिसी आपको दिलाई जा रही है उसे वह ज्यादा कमीशन के लालच में तो नीं दिला रहा है। साथ ही बीमा सलाहकार का आपके साथ व्यवहार बेहतर होना चाहिए और जब भी आपको जरूरत हो उसे आपके पास तुरंत पहुंचना चाहिए।

### बीमा सलाहकार स्थायी आधार

बीमा क्रय करने, उसके बाद बांड प्राप्त करने, प्रीमियम जमा करने कराने, दावा निस्तारण आदि कार्यो के लिए बीमा सलाहकार एक स्थायी आधार होते है, उनका सहयोग हमेशा लिया जाना चाहिए। सहयोग लें भी क्यों ना, वह हमारे प्रीमियम से कमीशन भी तो प्राप्त करते हैं। लेकिन ना तो उनके ऊपर पूरी तरह निर्भर होना चाहिए और ना ही किसी ऐसे सलाहकार की सेवाएं लेना चाहिए जो आपके साथ उचित व्यवहार नहीं रखता। ■

# टेबल टॉपर भारत-द. अफ्रीका के बीच टक्कर आज

## वनडे वर्ल्डकप: कोलकाता में दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा मैच

**कोलकाता, (एजेंसी)।** लगातार सात जीत के साथ आत्मविश्वास से ओत-प्रोत भारतीय टीम के सामने रविवार को आईसीसी वनडे वर्ल्डकप 2023 में दक्षिण अफ्रीका की कठिन चुनौती होगी। शीर्ष दो टीमों के बीच यह मुकाबला ईडन गार्डंस, कोलकाता में दोपहर 02:00 बजे से खेला जाएगा।

करीब 65000 की दर्शक क्षमता वाले ऐतिहासिक ईडन गार्डंस पर होने वाले इस मैच में बर्थडे ब्वॉय विराट कोहली पर सभी की नजरें होंगी। बल्लेबाजी में मेजबान के लिए सर्वाधिक 442 रन बना चुके कोहली वनडे क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की कोशिश में होंगे। मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ 302 रन से मिली जीत में वह 12 रन से चूक गए थे। मौजूदा वर्ल्डकप में भारतीय टीम की बल्लेबाजी में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अब तक काफी अहम भूमिका निभाई है। इन दोनों का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे रिकॉर्ड भी बेहतरीन हैं। कोहली ने 30 मैचों में 1403 रन जबकि रोहित शर्मा ने 25 मैचों में 766 रन बनाए हैं। वहीं शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव भी समय आने पर बेहतरीन पारी खेलने में माहिर हैं। गेंदबाजी की अगर बात करें तो जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी दोनों पांच से कम की इकॉनामी रेट से क्रमशः 15 और 14 विकेट ले चुके हैं। श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में मोहम्मद सिराज ने तीन अहम विकेट चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए अपना आखिरी विश्वकप खेल रहे क्विंटन डिकॉक (545 रन) का फॉर्म गेंदबाजों के लिए दुस्वप्न साबित हो रहा है। इसके अलावा एडेन मार्कराम (362 रन), रासी वान डेर डुसेन (353 रन) और हेनरिक क्लासेन (315 रन) का भी अहम योगदान रहा है। वहीं मार्को यानसान (16 विकेट), कैगिसो रबाडा ( 11 विकेट) और गेराल्ड कोएत्जी (14 विकेट) ने अब तक घात गेंदबाजी की हैं।



### कोहली के जन्मदिन को यादगार बनाने की तैयारी में कैब

विराट कोहली के 35वां जन्मदिन को यादगार बनाने में बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता। एक तरफ टिकट नहीं मिलने से गुस्साये क्रिकेटप्रेमियों को जवाब देना है तो दूसरी ओर इस मैच को खास बनाने की हर संभावना तलाशनी है। कैब के एक अधिकारी ने बताया कि कोहली के लिए एक खास केक और उपहारस्वरूप बल्ला तैयार किया जा रहा है। इस मैच के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और महानायक अमिताभ बच्चन को भी न्यौता दिया गया है। भारत के पूर्व कप्तान और कोलकाता के चहेते सौरव गांगुली, बीसीसीआई सचिव जय शाह मैच के दौरान रहेंगे ही।

## चोटिल हार्दिक पंड्या विश्वकप से बाहर, पी कृष्णा टीम में शामिल



भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टखने में लगी चोट के कारण शनिवार को विश्वकप से बाहर हो गए। हार्दिक पांड्या विश्व कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे। आईसीसीके अनुसार हार्दिक के स्थान पर तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। हार्दिक ने शनिवार को टीम से बाहर होने पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर भावुक होकर लिखा, यद्यपि यह पचा पाना मुश्किल होगा कि मैं इस विश्वकप के बाकी के हिस्से में नहीं खेल पाऊंगा, लेकिन मैं अपनी टीम के साथ रहूंगा, पूरे उत्साह से हर मैच में हर गेंद पर उनका हौसला बढ़ाऊंगा। मुझे मिला प्यार, सहयोग और शुभकामनाएं जबरदस्त रही हैं, इसके लिए धन्यवाद। यह टीम एक खास टीम है और मुझे पूरा विश्वास है कि सभी लोग हम पर गर्व करेंगे।

### मौसम का मिजाज

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को कोलकाता में धुंध भरा मौसम रहेगा। हालांकि मैच में बारिश की संभावना कम हैं। मैच की शुरुआत में वर्षा की संभावना 7 प्रतिशत तक है, जो मैच के साथ-साथ कम होती जाएगी। आर्द्रता 58 प्रतिशत रहेगी। इसके अलावा, बादल 99 प्रतिशत रहेंगे और तापमान 23 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। ईडन गार्डन्स में मौसम साफ रहने की उम्मीद है।

### पिच रिपोर्ट

कोलकाता के ईडन गार्डन्स की पिच पर हाई स्कोरिंग मैच होते है। यहां की पिचें बल्लेबाजों के पक्ष में होती है। हालांकि, खेल के बाद के चरण में यह स्पिन गेंदबाजों को अपना प्रभाव डालने और लड़ाई में उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ने की अनुमति दे सकता है। मैदान नई गेंद के साथ भी शक्तिशाली हो सकता है क्योंकि यह कैरी की पेशकश कर सकता है।

### वर्ल्डकप हेड-टू-हेड

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 05 |
| भारत जीता | 02 |
| द. अफ्रीका जीता | 03 |

### वनडे हेड-टू-हेड

वनडे फॉर्मेट में भारत और अफ्रीका के बीच अब तक 90 वनडे मैच खेले गए हैं, इसमें से टीम इंडिया ने जहां 37 में जीत हासिल की है तो वहीं साउथ अफ्रीका ने 50 मैचों को अपने नाम किया है। इसके अलावा तीन मैचों का कोई परिणाम नहीं निकल सका।

### पिछले 5 मैचों में आमने-सामने

| | |
|---|---|
| भारत की 7 विकेट से जीत | 11 अक्टूबर 2022 |
| भारत की 7 विकेट से जीत | 09 अक्टूबर 2022 |
| द. अफ्रीका की 9 रन से जीत | 06 अक्टूबर 2022 |
| द. अफ्रीका की 4 रन से जीत | 23 जनवरी 2022 |
| द. अफ्रीका की 7 विकेट से जीत | 21 जनवरी 2022 |

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं...

**भारत**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, जडेजा, शार्दुल ठाकुर, बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अश्विन, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।

**दक्षिण अफ्रीका**

तेम्बा बावुमा (कप्तान), कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, क्लासेन, केशव महाराज, मार्कराम, मिलर, लुंगी एनगिडी, फेहलुकवायो, रबाडा, तबरेज शम्सी, रेस वान डेर डुसेन , लिजाद विलियम्स।

# पाक की सेमीफाइनल की आस कायम

## न्यूजीलैंड को वर्ल्डकप में डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 21 रन से हराया

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** फखर जमान (नाबाद 126 रन) के तूफानी शतक और वर्षा की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को विश्वकप के मौसम बाधित मुकाबले में न्यूजीलैंड को डीएलएस पद्धति के आधार पर 21 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जीवित रखा।

इससे पहले रचिन रविंद्र (108 रन) और कप्तान केन विलियम्सन (95 रन) के बीच 180 रन की साझेदारी से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को जीत के लिए 402 रन का विशाल लक्ष्य दिया था। पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करते हुए एक विकेट पर 200 रन बना भी लिए थे कि इस बीच बारिश के कारण आगे का खेल संभव नहीं हो सका जिसके बाद डीएलएस पद्धति का सहारा लिया गया जिसमें पाकिस्तान को 21 रन से विजयी घोषित किया गया। पाकिस्तान को विश्वकप मे बने रहने के लिए यह मैच जीतना बेहद जरूरी था। पाकिस्तान की जीत के नायक फखर जमान बने। उनके इस काज में कप्तान बाबर आजम ने 66 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में पाक के लिए वसीम ने 60 रन देकर तीन विकेट झटके। शाहीन अफरीदी ने 90 और हारिस रउफ ने 85 रन लुटाए। हसन अली भी 82 रन देकर सिर्फ एक विकेट ही ले सके।




### फखर जमान पाक के लिए वर्ल्डकप में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने

फखर जमान पाकिस्तान के लिए वर्ल्डकप में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए है। फखर जमान ने 63 गेंदों में 6 चौके और 9 छक्कों की मदद से शतक पूरा किया। फखर जमान ने वर्ल्डकप में पाकिस्तान के लिए सबसे तेज शतक लगाने के मामले में इमरान नजीर को पीछे छोड़ा है। 2007 किंग्स्टन में विश्वकप मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ इमरान नजीर ने 95 गेंदों में शतक जड़ा था, जबकि फखर ने उनसे बहुत कम गेंदों में 100 रन बनाए। 2003 से ये रिकॉर्ड अटूट था, जिसे अब फखर जमां ने तोड़ दिया है।

### विश्वकप में तीन शतक जड़ने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने रचिन

न्यूजीलैंड के युवा बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने वर्ल्डकप में न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं एक वर्ल्डकप में भी अब उनके नाम न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 3 शतक हो गए हैं। रचिन रविंद्र ने पाक के खिलाफ शतक जड़कर यह उपलब्धि अपने नाम की। रचिन रविंद्र वर्ल्ड कप के इतिहास में 3 शतक जड़ने वाले सबसे युवा बल्लेबाज भी हैं। 23 साल की उम्र में उन्होंने यह कारनामा किया। उन्होंने इस मामले में सचिन तेंदुलकर को पछाड़ा है, जिनके नाम इतनी उम्र में 2 वर्ल्डकप शतक थे। वहीं डेब्यू वर्ल्डकप में रचिन तीन शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज हैं।

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे कै. रिजवान बो. हसन | 35 | 39 | 6/0 |
| रचिन रविंद्र कै. शकील बो. वसीम | 108 | 94 | 15/1 |
| वलियमसन कै. जमान बो. इफ्तिखार | 95 | 79 | 10/2 |
| डैरिल मिचेल कै. रउफ | 29 | 18 | 4/1 |
| मार्क चैपमैन बो. वसीम | 39 | 27 | 7/0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो. वसीम | 41 | 25 | 4/2 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 26 | 17 | 0/2 |
| टॉम लैथम नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 26, **कुल:** 50 ओवर में छह विकेट पर 401 रन, **विकेट पतन:** 1-68, 2-248, 3-261, 4-318, 5-345, 6-388 **गेंदबाजी:** शाहीन शाह अफरीदी 10-0-90-0, हसन अली 10-0-82-1, इफ्तिखार अहमद 8-0-55-1, हारिस रउफ 10-0-85-1, मोहम्मद वसीम 10-0-60-3, आगा सलमान 2-0-21-0,

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अब्दुल्लाह शफीक कै. केन बो. साउदी | 04 | 09 | 1/0 |
| फखर जमान नाबाद | 126 | 81 | 8/11 |
| बाबर आजम नाबाद | 66 | 63 | 6/2 |

**अतिरिक्त:** 4 **कुल:** 25.3 ओवर में एक विकेट पर 200 रन, **विकेट पतन:** 1-6, **गेंदबाजी:** ट्रेंट बोल्ट 6-0-50-0, टिम साउदी 5-0-27-1, मिचेल सैंटनर 5-0-35-0, ग्लेन फिलिप्स 5-1-42-0, ईश सोढ़ी 4-0-44-0, डैरिल मिचेल 0.3-0-1-0.

### विश्वकप की एक पारी में सबसे ज्यादा रन देने वाले पाकिस्तानी गेंदबाज बने शाहीन अफरीदी

तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी विश्वकप की एक पारी में सबसे ज्यादा रन देने वाले पाकिस्तानी गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 ओवर में बिना विकेट झटके 90 रन दिए। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने शुरुआती 4 ओवर में 28 रन दिए और वह विकेट नहीं ले सके थे। अपने दूसरे स्पैल में शाहीन ने दो ओवर डाले लेकिन विकेट नहीं ले सके। उन्होंने इस दौरान 11 रन दिए। शाहीन अफरीदी इसके बाद 38वें ओवर में गेंदबाजी करने आए लेकिन महंगे रहे। सातवें ओवर में उन्होंने 13 रन दिए। अपने 8वें ओवर में उन्होंने 16 रन दिए। शाहीन 8 ओवर में 68 रन दे चुके थे और विकेट नहीं मिला था। उनके आखिरी ओवर में 12 रन बने। इस बीच हारिस राउफ ने भी 10 ओवर में 85 रन लुटाए।

# ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल का दावा और किया पुख्ता

## इंग्लैंड को 33 रन से हराकर वर्ल्डकप से किया बाहर



**अहमदाबाद, (एजेंसी)।** मार्नस लाबुशेन (71) की शानदार पारी और एडम जम्पा के दोहरे प्रदर्शन (29 रन और तीन विकेट) की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 33 रन से एक और हार झेलने पर मजबूर कर दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 286 रन बनाए जिसके जवाब में गत विजेता इंग्लैंड की पूरी टीम 48.1 ओवर में 253 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के लिए डेविड मलान (50) और बेन स्टोक्स (64) ने विकेट पर टिक कर अर्धशतकीय पारी खेली जबकि मोइन अली (42) और क्रिस वोक्स (32) ने तेजी से रन बटोर लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इससे पहले स्टीव स्मिथ (44),मार्नस लाबुशेन (71) और कैमरन ग्रीन (47) की टिकाऊ पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 49.3 ओवर में 286 रनों पर ढेर हो गई।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड कै. रूट बो. वोक्स | 11 | 10 | 1/0 |
| डेविड वॉर्नर कै. विली बो. वोक्स | 15 | 16 | 1/1 |
| स्टीव स्मिथ कै. मोईन अली बो. रशीद | 44 | 52 | 3/0 |
| मार्नस लाबुशेन पगबाधा वुड | 71 | 83 | 7/0 |
| जॉश इंग्लस कै. मोईन अली बो. रशीद | 03 | 06 | 0/0 |
| कैमरन ग्रीन बो. विली | 47 | 52 | 5/0 |
| स्टॉयनिस कै. बेयरस्टो बो. लिविंगस्टन | 35 | 32 | 3/2 |
| पैट कमिंस कै. मलान बो. वुड | 10 | 13 | 1/0 |
| मिचेल स्टार्क कै. मोईन अली बो. वोक्स | 10 | 13 | 0/0 |
| ऐडम जम्पा कै. बटलर बो. वोक्स | 29 | 19 | 4/0 |
| जॉश हेजलवुड नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 10, **कुल:** 49.3 ओवर में 286 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन:** 1-11, 2-38, 3-113, 4-117, 5-178, 6-223, 7-241, 8-247, 9-285, 10-286, **गेंदबाजी:** डेविड विली 10-1-48-1, क्रिस वोक्स 9.3-0-54-4, मार्क वुड 10-0-70-2, लियम लिविंगस्टन 6-0-42-1, मोईन अली 4-0-28-0, आदिल रशीद 10-0-38-2,

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जॉनी बेयरस्टो कै. इंग्लस बो. स्टार्क | 00 | 01 | 0/0 |
| डाविड मलान कै. हेड बो. कमिंस | 50 | 64 | 4/1 |
| जो रूट कै. इंग्लस बो. स्टार्क | 13 | 17 | 2/0 |
| बेन स्टोक्स कै. स्टॉयनिस बो. जम्पा | 64 | 90 | 2/3 |
| जॉस बटलर कै. कैमरन ग्रीन बो. जम्पा | 01 | 07 | 0/0 |
| मोईन अली कै. वॉर्नर बो. जम्पा | 42 | 43 | 6/0 |
| लियम लिविंगस्टन कै. ऐबट बो. कमिंस | 02 | 05 | 0/0 |
| क्रिस वोक्स कै. मार्नस बो. स्टॉयनिस | 32 | 33 | 4/1 |
| डेविड विली कै. जम्पा बो. हेजलवुड | 15 | 14 | 3/0 |
| आदिल रशीद कै. इंग्लस बो. हेजलवुड | 20 | 15 | 1/1 |
| मार्क वुड नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**अतिरिक्त**:14, **कुल**: 48.1 ओवर में 253 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन:** 1-0, 2-19, 3-103, 4-106, 5-169, 6-174, 7-186, 8-216, 9-253, 10-253, **गेंदबाजी:** मिचेल स्टार्क 10-0-66-2, जॉश हेजलवुड 9.1-1-49-2, पैट कमिंस 10-1-49-2, ऐडम जम्पा 10-0-21-3, ट्रैविस हेड 5-0-28-0, मार्कस स्टॉयनिस 4-0-34-1,

### वर्ल्डकप काउंटर

**बाउंड्री मीटर**

| | |
|---|---|
| छक्के | 457 |
| चौके | 1664 |

### सर्वाधिक रन

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| क्विंटन डि कॉक | द.अफ्रीका | 545 |
| रचिन रविंद्र | न्यूजीलैंड | 523 |
| विराट कोहली | भारत | 442 |

### सर्वाधिक विकेट

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| एडम जम्पा | ऑस्ट्रेलिया | 19 |
| दिलशान मदुशंका | श्रीलंका | 18 |
| मार्को यानसन | द. अफ्रीका | 16 |


### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 7 | 7 | 0 | 14 | 2.102 |
| द. अफ्रीका | 7 | 6 | 1 | 12 | 2.290 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 5 | 2 | 10 | 0.924 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 8 | 0.398 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 | 0.036 |
| अफगानिस्तान | 7 | 4 | 3 | 8 | -0.330 |
| श्रीलंका | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.162 |
| नीदरलैंड्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.398 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.446 |
| इंग्लैंड | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.504 |

## पॉल्यूशन से लंग्स पर नहीं पड़ेगा असर, बस डाइट में शामिल करें ये चीजें

दिवाली करीब आते ही एयर पॉल्यूशन कई गुना बढ़ जाता है। गाड़ियों और फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं के अलावा पटाखों का धुआं भी एयर क्वालिटी को खराब करता है। यह देखने में आता है कि इस दौरान सांस लेना भी काफी मुश्किल हो जाता है। कई बार तो इसके कारण अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, निमोनिया और यहां तक कि फेफड़ों का कैंसर भी हो सकता है। इसलिए यह बेहद जरूरी होता कि आपको अपने लंग्स की ज्यादा केयर करें। इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने खान-पान पर जरूरत से ज्यादा ध्यान दें। दरअसल, ऐसे कई फूड्स होते हैं जो एंटी-पॉल्यूशन फूड की तरह काम करते हैं। जब आप इनका सेवन करते हैं तो इससे आपके लिए पॉल्यूशन से लड़ना काफी आसान हो जाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही फूड्स के बारे में बता रहे हैं-

**चुकंदर**- अगर आप अपने लंग्स को पॉल्यूशन के नेगेटिव इफेक्ट से बचाना चाहते हैं तो ऐसे में चुकंदर का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, इसमें नाइट्रेट होते हैं, जो लंग्स फंक्शन के लिए काफी अच्छे हैं। चुकंदर में मौजूद नाइट्रेट ब्लड वेसल्स को आराम देने में मदद करते हैं और ब्लड प्रेशर को कम करने में भी मदद करते हैं। इसलिए, जब आप इसे अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो आपको यकीनन काफी लाभ मिलता है।



**हरी पत्तेदार सब्जियां**- इस मौसम में हरी पत्तेदार सब्जियां काफी कम दाम में मिलती हैं और ये सेहत के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। इसे एक एंटी-पॉल्यूशन फूड भी माना जाता है। दरअसल, इसमें एंटी-ऑक्सिडेंट और कई विटामिन पाए जाते हैं, जो लंग्स को पॉल्यूशन से होने वाले ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाने में मदद कर सकते हैं।

**सेब**- सेब को लंग्स के लिए अच्छे फलों में गिना जाता है क्योंकि इसका नियमित सेवन लंग्स फंक्शन को बेहतर बनाता है। सेब आवश्यक पोषक तत्वों से समृद्ध है और इसलिए लोग सेब का जूस पीना भी काफी पसंद करते हैं।

**टमाटर**- टमाटर में विटामिन सी और लाइकोपीन मौजूद होता है, जो लंग्स फंक्शन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। अपने आहार में टमाटर शामिल करने से वायुमार्ग की सूजन में सुधार होता है। इसे फेफड़ों के लिए भोजन माना जाता है, खासकर अस्थमा और सीओपीडी से पीड़ित लोगों के लिए यह काफी अच्छे हैं।

## नोडल क्रिकेट: एसएटीआई ने कटाया फाइनल का टिकट



**भोपाल,(खेसं)।** एसएटीआई ने राधारमण समूह परिसर क्रिकेट मैदान पर खेले जा रहे राधारमण-आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के नौवें दिन सेमी फाइनल और क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। ओरिएण्टल कॉलेज की टीम भी सेमीफाइनल में पहुंची। सेमीफाइनल मैच में एसएटीआई के खिलाफ राधारमण ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवरों में ऑलआउट होकर 79 रन बना। इसके जवाब में एसएटीआई ने 14.2 ओवरों में 4 विकेट गवांकर यह मैच जीत लिया। एसएटीआई के पंडित को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। उन्होंने 26 बालों में 21 रन बनाए। वहीं 2 विकेट भी प्राप्त किए। क्वॉर्टर फाइनल मैच में सिस्टेक-आर के खिलाफ ओरिएण्टल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 121 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिस्टेक आर14.3 ओवर में 75 रन ही बना सकी। इस तरह ओरिएण्टल ने यह मुकाबला 46 रन से जीत लिया। ओरिएण्टल कॉलेज के रवि को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। उन्होंने 4 ओवरों में 15 रन देकर 3 विकेट लिए।

## ईपीएफओ क्रिकेट में विक्रम और ब्रजेश इलेवन के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त



**भोपाल,(खेसं)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन भोपाल की क्रिकेट टीमें विक्रम इलेवन -ब्रजेश इलेवन के बीच बरखेड़ा में आयोजित ईपीएफओ क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुए। पहले मैच में विक्रम इलेवन की टीम ने 8 ओवर में 61 रन बनाए। जिसमें कप्तान विक्रम तोमर से 28 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में ब्रजेश इलेवन ने रोमांचक मैच में आखरी गेंद पर मैच जीता। संजय अहिरवार और विक्रम नरवरिया ने शानदार पारी खेली। दूसरे मैच में ब्रजेश इलेवन ने 8 ओवर में 70 रन बनाए। ब्रजेश ठाकुर और किशोर शर्मा ने शानदार खेल दिखाया। जबाव में विक्रम इलेवन ने सौरव शर्मा, विक्रम और शरद की शानदार बैटिंग की बदौलत मैच 6 ओवर्स में ही जीत लिया।

## पेनल्टी शूटआउट में जीता पीपुल्स पब्लिक स्कूल



**भोपाल,(खेसं)।** पीपुल्स पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 12 फुटबॉल बॉयज प्रतियोगिता में पीपुल्स पब्लिक स्कूल ने कार्मेल कान्वेंट उज्जैन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया। दूसरे दिन के पहले मुकाबले में वंदना कान्वेंट स्कूल गुना ने होली क्रॉस स्कूल को 3-1 से हराया। दूसरे मुकाबले में कमला देवी पब्लिक स्कूल ने क्वीन मैरी को 6-0 से मात दी। तीसरे मुकाबले में दीपक मेमोरियल स्कूल सागर ने सेंट फ्रांसिस भोपाल को 4-0 से पराजित किया। चौथे मुकाबले में शारदा विद्या मंदिर ने ऑक्सफोर्ड स्कूल ग्वालियर को 7-0 से हराया। सातवें मैच में चैंपियन स्कूल अरेरा ने सेंड एंथोनी देवास को 5-0 से मात दी। वहीं ग्राउंड नंबर 2 पर खेले गए मैच में दिल्ली पब्लिक स्कूल सीधी ने संस्कृति स्कूल भोपाल को 7-0 से पराजित किया। ग्लोरी हाई सेकेंडरी स्कूल ग्वालियर ने मदर टेरेसा को 1-0 से हराया। वहीं आर्मी पब्लिक स्कूल सागर ने शिशु कुंज स्कूल को 2-0 से मात दी।

## पाक को रौंदकर भारत ने हासिल किया जौहर कप में कांस्य पदक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत ने 11वें सुल्तान जौहर कप में शनिवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट में पाकिस्तान को 3-3 (6-5) से हराकर कांस्य पदक जीत लिया। एक्शन से भरपूर इस मुकाबले में भारत के लिए अरुण साहनी, पूवन्ना सीबी और कप्तान उत्तम सिंह ने स्कोर किया। वहीं पाकिस्तान के सुफियान खान, अब्दुल कय्यूम और कप्तान शाहिद हन्नान ने स्कोर किया। निर्धारित समय दोनो टीमें 3-3 से बराबरी पर थीं। पेनल्टी शूटआउट में भारत के गोलकीपर मोहित एचएस ने शानदार रक्षक की भूमिका निभायी और यह मुकाबला 6-5 शूटआउट से भारत के पक्ष में हो गया। पाकिस्तान के अरशद लियाकत, हन्नान शाहिद, अब्दुल रहमान और अहतिशाम असलम ने पेनल्टी शूटआउट में नेट पर वापसी की, जबकि विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, अंगद बीर सिंह और उत्तम सिंह ने अपने गोल के साथ जवाब दिया। विष्णुकांत सिंह और अरशद लियाकत ने अपने-अपने मौके को सडन डेथ में बदल दिया, हालांकि, अंगद बीर सिंह द्वारा मौके को बदलने के बाद भारत के गोलकीपर मोहित एचएस ने शाहिद हन्नान से पूरी तरह से निपटकर भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के लिए शानदार जीत पक्की कर दी।

## कितना सही-कितना गलत

# नाइन टू फाइव वर्क कल्चर

**आमतौर पर भारत में 9 टू 5 यानी 8 घंटे डेली या 48 घंटे साप्ताहिक कार्य को आदर्श माना जाता है। लेकिन हाल में आईटी सेक्टर के महारथी नारायण मूर्ति ने विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं से वीकली 70 घंटे कार्य करने का आह्वान किया है। इससे एक नई बहस शुरू हो गई है। सवाल है, इसके लिए भारतीय युवा कितने तैयार हैं और यहां के वर्क कल्चर में किस तरह के बदलाव लाने होंगे?**



{ कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम }

बिस्तर से उठो
लड़खड़ाते हुए रसोईघर जाओ
महत्वाकांक्षाओं से लबरेज
एक प्याली चाय पीयो।
फिर अपनी टांगों को
लंबा करो, खींचो, फैलाओ
कसमसाओ, थोड़ा टेढ़े-मेढ़े हो जाओ
फिर एक लंबी सी जम्हाई लो
...और शॉवर में कूद पड़ो।
अब तक बदन में खून दौड़ना
शुरू हो चुका होगा
इसलिए सड़कों पर उतरो और
ट्रैफिक में गुम हो जाओ
ताकि जल्दी से दफ्तर पहुंच सको।

**पिछली सदी** में अस्सी के दशक में अमेरिका की गीतकार, गायिका, संगीतकार और अभिनेत्री डॉली रेबेका पार्टन ने हमारी रोजमर्रा की दफ्तरी दिनचर्या, जिसे संक्षेप में 'नाइन टू फाइव' कहते हैं, पर यह गीत लिखा था, जो बेहद लोकप्रिय हुआ। यह गीत इतना प्रसिद्ध हुआ था कि अमेरिका में नाइन टू फाइव, नौकरी पर जाने वालों की जुबान पर ही चढ़ गया था और यह जुमला 'नाइन टू फाइव' पूरी दुनिया में पॉपुलर हो गया था।

### नारायण मूर्ति का युवाओं से आह्वान

पिछले महीने 27 अक्टूबर 2023 को दशकों पुरानी 'नाइन टू फाइव' धारणा पर तब उथल-पुथल मच गई, जब इंफोसिस के संस्थापक और भारत के विख्यात आईटी पर्सनालिटी एन. आर. नारायण मूर्ति ने भारतीय युवकों को सुझाव दिया कि वे हर हफ्ते में 70 घंटे काम करें। नारायण मूर्ति के मुताबिक, 'जीवन वास्तव में कर्म क्षेत्र है और कर्म ही पूजा है।' उन्होंने इस संबंध में एक लंबा लेक्चर देते हुए कहा, 'भारत के युवाओं को हर सप्ताह कम से कम 70 घंटे काम करना होगा, तभी भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है।' उनका मानना है कि आठ, नौ घंटे काम करने से रोजमर्रा की जिंदगी तो चलती है, लेकिन आप कुछ अतिरिक्त नहीं कर सकते। कर्मठ नागरिकों वाला राष्ट्र ही प्रगति के शिखर को छूता है। नारायण मूर्ति के मुताबिक जब भारतीय युवक अतिरिक्त घंटे काम करेंगे, तभी हम जापान और जर्मनी जैसे विकसित राष्ट्र बन सकेंगे।




एन. आर. नारायण मूर्ति

### विकसित राष्ट्र बनने के लिए आवश्यक

इतिहास गवाह है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी और जापान के युवाओं ने दुनिया के अन्य देश के लोगों की तुलना में कहीं ज्यादा काम किया था, तभी विश्व युद्ध में बर्बाद होने के बाद भी कुछ ही सालों में ये फिर से विकसित राष्ट्रों की कतार का हिस्सा बन सके। नारायण मूर्ति यह भी कहते हैं कि भारत के युवाओं की तुलना में चीन के युवा कहीं ज्यादा काम करते हैं, उनकी वर्क प्रोडक्टिविटी, भारतीयों के लिए मिसाल है। अगर हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो अगले 20 से 50 सालों तक युवाओं को दिन में औसतन 12 घंटे काम करना होगा ताकि भारत जीडीपी के मामले में दुनिया का नंबर एक या नंबर दो राष्ट्र बन सके।

### सरकारी कार्यशैली को दिखाया आईना

वास्तव में नारायण मूर्ति ने वर्क प्रोडक्टिविटी में सुधार का आह्वान करके एक तरह से सरकारी कार्यशैली पर भी तंज कसा है, जहां लालफीताशाही के कारण प्रोडक्टिविटी को लेकर एकाउंटबिलिटी बहुत कम है। जब मूर्ति कहते हैं कि देश के युवाओं को 70 घंटे हर सप्ताह काम करके भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का एक जनांदोलन शुरू करना चाहिए, तो जाहिर है वे सरकारी तंत्र को आईना दिखाते हैं कि सरकारी क्षेत्र में भी इस पर अमल होना चाहिए। गौरतलब है कि भारत की वर्क प्रोडक्टिविटी दुनिया में सबसे कम है। भले हम दिन रात ज्यादा काम किए जाने का रोना रोते हों, लेकिन भारत के लोग ना सिर्फ कामकाज के मामले में बेहद फिसड्डी हैं बल्कि हमारी प्रोडक्टिविटी, दुनिया में सबसे निचले पायदान पर है। इंफोसिस के ही पूर्व सीएफओ मोहन दास पई ने इस चर्चा को एक गंभीर मोड़ देते हुए कहा है कि भारत की वर्क प्रोडक्टिविटी दुनिया में सबसे कम है। चीन हमसे इसलिए ही बहुत आगे है, क्योंकि वहां लोगों की कार्य क्षमता और उत्पादकता हमसे काफी ज्यादा है। भारत के युवा जब डेली उनकी तुलना में काफी अधिक घंटे अतिरिक्त काम करेंगे, तब जाकर चीन जैसे देश का मुकाबला किया जा सकता है।



### सुधारना होगा वर्क कल्चर

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि प्रगति के लिए भारतीयों को अपने वर्क कल्चर में सुधार लाना होगा। लेकिन यह सुधार महज सोच लेने से या कामगारों के ब्रेनवॉश से नहीं हो सकता। इसके लिए कई स्तरों पर काम करना होगा। सबसे पहले तो देश के आम कामगारों को एक न्यूनतम संतोषजनक पारिश्रमिक सुनिश्चित करना होगा। अपने देश में सबके लिए पारिश्रमिक एक सा सुनिश्चित नहीं है। किसी को उसी काम के लिए 1,000 रुपए मिलते हैं, तो किसी दूसरे को उसी काम के लिए महज 100 रुपए मिलते हैं। एक शहर से दूसरे शहर, एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले, एक कंपनी से दूसरी कंपनी, एक घर से दूसरे घर तक पारिश्रमिक में बहुत अंतर है। दूसरी बात यह है कि ज्यादातर शारीरिक श्रम करने वाले लोग स्वस्थ नहीं हैं, क्योंकि उन्हें बचपन में भरपूर और आदर्श खुराक नहीं मिलती। इसलिए आम भारतीय कामगार का स्वास्थ्य दुनिया के दूसरे देशों के कामगारों के मुकाबले काफी खराब होता है। शरीर से ही नहीं मन से भी आम भारतीय कामगार खुश नहीं होते और उन्हें अपने किए जाने वाले काम का बेहतर प्रशिक्षण नहीं मिलता है और ना ही उनके पास जरूरी मशीनी साजो-सामान होते हैं। कुल मिलाकर भारतीय वर्क कल्चर में काफी स्तरों पर बदलाव लाना होगा, तभी ऐसे सुझाव कारगर हो सकते हैं। साथ ही भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा। *

### सुझाव से कई लोग हैं असहमत

**नारायण मूर्ति** के इस सुझाव और आह्वान का जहां कई लोगों ने स्वागत किया है। जिंदल समूह के सज्जन जिंदल ने इस पर अपनी सहमति व्यक्त की है, वहीं देश के कई डॉक्टर और दूसरे पेशेवर नारायण मूर्ति के इस सुझाव से सहमत नहीं हैं। विशेषकर चिकित्सकों की राय बिल्कुल अलग और उलट है। डॉ. कृष्णमूर्ति नामक एक डॉक्टर ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट करते हुए कहा है कि दिन में 10 घंटे काम करना बहुत ज्यादा है, इससे शरीर शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से भी थक जाएगा और अगर पर्याप्त आराम नहीं मिलेगा तो यह थकान, मूड खराब होने और उत्पादकता में गुणवत्ता गिरने का कारण बन सकती है। 12 घंटे हर दिन काम करके लोग सप्ताह के अंत में बेहद तनाव महसूस कर सकते हैं। हां, कुछ लोग जरूर शुरू में उत्साह से इसमें हिस्सेदारी करने को आगे आएंगे, लेकिन इस शेड्यूल को बनाए रखना मुश्किल है। अगर दुनिया में विकसित देशों की कार्य संस्कृति पर एक नजर डालें तो डॉ. कृष्णमूर्ति की बात कहीं ना कहीं सही लगती है। *

### विकसित देशों में वीकली वर्किंग आवर्स




**आमतौर पर** दुनिया के ज्यादातर विकसित देशों में सप्ताह में करीब 35 घंटे काम करने का चलन है, जिसके बिल्कुल उलट नारायण मूर्ति 70 घंटे काम करने के लिए कह रहे हैं। हालांकि 35 घंटे साप्ताहिक कार्यसंस्कृति सिर्फ दुनिया के विकसित देशों में ही संभव है। मसलन, अमेरिका में हर सप्ताह लोग 38.6, यूरोप में औसतन 36.9, ब्रिटेन में 36.6, फ्रांस में 36.3, स्वीडन में 35.9, इटली में 35.6, रूस में 35.6, आयरलैंड में 35.2, जर्मनी में 32.3, डेनमार्क में 32.5 और नीदरलैंड में हर सप्ताह लोग आमतौर पर 29.4 घंटे ही काम करते हैं। जाहिर है ये सब विकसित देश हैं और आमतौर पर यहां प्रतिव्यक्ति औसतन वार्षिक आय 40,000 डॉलर प्रतिवर्ष से ज्यादा है यानी अगर भारतीय रुपए में बदल कर देखें तो इनमें से किसी भी देश के वर्कर को साल में 32 लाख रुपए से कम नहीं मिलते। *

### भारतीय कामगार इसलिए हैं पीछे

**सवाल यह** भी उठाए जाते हैं कि विकसित देशों में इतना कम काम करने के बाद आखिर वे इतना उत्पादन कैसे कर लेते हैं कि भारत के मुकाबले लोगों को औसतन चार गुना ज्यादा सालाना वेतन मिलता है? वास्तव में कम काम करने के बाद भी अगर विकसित देशों के कामगारों को भारतीयों के मुकाबले कहीं ज्यादा वेतन मिलता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि विदेशी नियोक्ता उन्हें अपने घर से पैसे लाकर देते हैं। आमतौर पर विकसित देशों के कामगार भारतीय कामगारों के मुकाबले उनसे आधे समय में ही, उनके मुकाबले दो से ढाई गुना ज्यादा काम करते हैं। एक भारतीय कामगार ढाई घंटे में जितना काम करता है, यूरोप और अमेरिका के कामगार उतना काम एक घंटे से भी कम समय में कर लेते हैं। इसकी कई वजहें हैं। एक तो विदेशी कामगार भारतीयों के मुकाबले ज्यादा स्वस्थ होते हैं, काम के प्रति वे बेहद ईमानदार और लगन से भरे होते हैं। साथ ही जो सबसे महत्वपूर्ण कारण है, वह यह है कि विदेशी कामगार आमतौर पर अपने काम में दक्ष होते हैं। काम शुरू करने के पहले वह अपने काम की बकायदा वैज्ञानिक रूप से ट्रेनिंग हासिल किए होते हैं। साइंटिफिक तरीके से काम करना जानते हैं और उनके कामकाज में मशीनों का भी भरपूर साथ रहता है यानी विदेशी कामगार ज्यादा मैकेनाइज्ड होता है। जबकि भारतीय कामगारों को ये सुविधाएं अकसर नहीं मिलती हैं। *



---



{ नवगीत / शिवचरण चौहान }


## राजधानी में

खबर आई सुबह ही आज
यह आकाशवाणी में।
हवा बिगड़ी हुई है आजकल
फिर राजधानी में।।
चीखते सारे चैनल हैं
सुबह अखबार कहता है,
आसमां राजधानी का
बड़ा बीमार रहता है।
खुशी अब रह गई है केवल
किस्से-कहानी में।
हवा बिगड़ी हुई है आजकल
फिर राजधानी में।।
नहीं सोती हैं सड़कें
रात-दिन चलती-चलाती हैं,
प्रगति पथ रोज चढ़ती हैं
पहाड़ों तक ये जाती हैं।
जवानी हुई है बीमार अब
इनकी रवानी में।
हवा बिगड़ी हुई है आजकल
फिर राजधानी में।।

---

{ लघुकथा / हरीशचंद्र पांडे }

## वचन



'धन्नू, ओ धन्नू, जरा सुन तो..।' इला ने आवाज लगाई ही नहीं कि घरेलू सेवक धन्नू तुरंत हाजिर हुआ।

'जी, बीबीजी, आपने बुलाया।' हाथ जोड़कर धन्नू ने पूछा।

'धन्नू, आज मुझे शाम को बाहर जाना है, ये कपड़े प्रेस करा दे। और हां.. सुन, ये दवाइयां भी ले आना। कल शाम से ही खत्म हैं।' कहकर इला ने डॉक्टर का लिखा प्रेस्क्रिप्शन धन्नू को थमा दिया।

'जी, जरूर ले आऊंगा। पहले आपको नाश्ता दे देता हूं।' कहकर धन्नू रसोई में चला गया। टेबल पर नाश्ता रखते हुए वह बोला, 'कल दोपहर में आपकी सहेलियों के लिए दीवाली उपहार खरीद लाया हूं। इन्हें पैक कर दिए हैं। जब भी उनके घर भेजने होंगे, आप बता दीजिएगा, दे आऊंगा।' धन्नू ने इला से कहा और बाजार जाते-जाते कहता गया, 'बीबीजी, आपका तकिया और शॉल गुनगुनी धूप में रख दिया है। जब वहां जाकर लेटने का मन हो, चली जाइएगा। सर्दी में धूप से अच्छी गरमाहट मिल जाएगी।'

कुछ देर बाद धन्नू लौटा तो इला के कपड़े प्रेस कराकर, दवाई के साथ उसकी पसंदीदा जलेबी और सर्दी में खिलने वाले कुछ फूलों के पौधे भी वह खरीद लाया था। पौधे उसने बरामदे में रख दिए थे। इला को सारा हिसाब बताकर धन्नू फिर से बगीचे की तरफ चला गया, लाए पौधों को लगाने के लिए।

उसी समय इला के पति प्रमोद का फोन आया, उन्होंने बताया, 'फ्लाइट कैंसिल हो गई है। अब दो-तीन दिन बाद ही आना होगा।'

इला ने बस 'हूं..हूं..' में जवाब दिया, अपनी ओर से कुछ और नहीं पूछा। फोन कट गया तो इला सोचने लगी कि तीस साल पहले जब वह प्रमोद के संग सात फेरे ले रही थी, तब कुछ वचन पति प्रमोद ने साथ निभाने के लिए थे। लेकिन वो सारे वचन तो धरे रह गए। धन्नू उसकी देखभाल के लिए ना होता तो उसकी कितनी बुरी दुर्दशा होती। एकाएक उसके मन में धन्नू के प्रति एक सम्मान जागा। *

---

{ पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण }

## हंसा करो पुरातन बात

'गपोड़ी से गपशप' और 'बातें हैं बातों का क्या' के बाद काशीनाथ सिंह के साक्षात्कारों की तीसरी किताब 'हंसा करो पुरातन बात' हाल में छपकर आई है। इसमें 1989 से 2022 तक की अवधि में विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित कई साक्षात्कार संकलित हैं। काशीनाथ जी बतियाने में खूब रस लेते हैं और बिना लाग-लपेट के अपनी राय पूरी बेबाकी से रखते हैं। मिसाल के तौर पर महावीर अग्रवाल से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में वह कहते हैं, 'प्रतिबद्धता वह ठोस जमीन है, जिस पर एक लेखक मूंछों पर ताव देते हुए किसी गलत आदमी और गलत विचार को ललकार सकता है।' कहने की जरूरत नहीं कि काशीनाथ जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को गहनता से जानने-समझने में यह किताब बहुत सहायक हो सकती है। *





**पुस्तक:** हंसा करो पुरातन बात-काशीनाथ सिंह, **संकलन-संपादन:** शशि कुमार सिंह, **मूल्य:** 895 रुपए, **प्रकाशक:** राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

---

{ लघुकथा / टीकेश्वर सिन्हा }

## चुनाव




'वोट मांगने के लिए नेता जी को हर इलाके में जाना ही था। आज उनका अपने सेवकों के साथ शहर के रेड लाइट एरिया में जाना हुआ। दरवाजे पर खड़ी एक अधेड़ महिला को देख नेता जी हाथ जोड़ते हुए बोले, 'बहन जी, इलेक्शन में खड़ा हुआ हूं। इस बार मुझे अपनी सेवा करने का अवसर दीजिए। समाज कल्याण के लिए बहुत कुछ करना चाहता हूं। आपके आशीर्वाद के बगैर यह संभव नहीं है।'

नेता जी की बात सुन अधेड़ महिला हल्के से मुस्कुराई फिर मन ही मन बोली, 'दलबदलू कहीं का! बार-बार पार्टी बदलता है। जो इंसान अपनी पार्टी का नहीं हो सकता, वो जनता का क्या होगा?'

तभी नेता जी ने इधर-उधर ताका और अपने सेवक से नोटों की गड्डी लेकर उस महिला को थमाने की कोशिश करने लगे। महिला तुरंत पीछे हटकर बोली, 'नेता जी, कांतीबाई हूं मैं, कांतीबाई...। मैं ईमान वाला जिगर रखती हूं। इन नोटों को आप अपने पास ही रखें।'

नेता जी कुछ बोलते इससे पहले कांतीबाई ने अपने घर का दरवाजा फटाक से बंद कर लिया। *

---

{ लघुकथा / गोविंद भारद्वाज }

## धंधे की चिंता



'दीनू भाई, आजकल तो आप मेरे कपड़े सिल कर दूसरे-तीसरे दिन ही दे देते हैं, नहीं तो आपके यहां कपड़े सिलाने का मतलब था लंबा इंतजार... कम से बीस-पचीस दिन में मेरे कपड़ों का नंबर आता था।' बनारसी लाल अपनी शर्ट का नाप देते हुए बोले।

'क्या बताएं बनारसी लाल जी, आप जैसे पुराने लोग जब तक जिंदा हैं, तब तक समझ लें सिलाई-विलाई का काम है वरना दुकान बंद करने की नौबत आ जाती कभी की।' दीनू भाई की आवाज में एक पीड़ा थी।

'क्यों भाई, क्या लोग कपड़े पहनना छोड़ देंगे, जो सिलवाना बंद कर देंगे?' बनारसी लाल जी ने पूछा।

'नहीं कपड़े पहनना तो बंद नहीं करेंगे... लेकिन..।' दीनू भाई कुछ कहते-कहते रुक गए।

बनारसी लाल ने गंभीर स्वर में पूछा, 'लेकिन क्या भाई?'

'जब से रेडीमेड गारमेंट का जमाना आया है, लोगों ने कपड़े सिलवाना बंद कर दिया है। मैं दूसरों से शिकायत क्या करूं, मेरे अपने बहू-बेटे भी रेडीमेड कपड़े ही पहनते हैं।' दीनू बोले।

बनारसी लाल से अब ना रहा गया, वह भी एक पीड़ा के साथ बोले, 'सचमुच धंधे को धंधा ही खा रहा है। जब से मोबाइल आए हैं, मेरी भी घड़ी की दुकान बंद होने को है।' *

# नटराज संगीत अकादमी एवं सनबीम शिक्षण समूह की ओर से आयोजित त्रिदिवसीय कथक कार्यशाला एवं 28वां कथक महोत्सव का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। नटराज संगीत अकादमी एवं सनबीम शिक्षण समूह के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी युवा संगीत एवं नृत्य के विद्यार्थियों के लिए त्रिदिवसीय कत्थक कार्यशाला का आयोजन सनबीम लहरतारा के स्पंदन सभागार में किया जा रहा है इस वर्ष पंडित बिरजू महाराज के शिष्य परंपरा की वरिष्ठतम कलाकार एवं विख्यात गुरु विदुषी शाश्वती सेन बतौर प्रशिक्षक एवं गुरु आ रही है त्रिदिवसीय कार्यशाला में वह बच्चों को लखनऊ घराने के पारंपरिक कथक नृत्य की बारीकियां सिखायेंगी एवं भाव पक्ष की महत्ता पर भी प्रकाश डालेंगी कार्यशाला के अतिरिक्त पंडित बिरजू महाराज परंपरा के अंतर्गत वह विद्यार्थियों को विशेष रूप से संबोधित भी करेंगी` यह आयोजन आगामी 6 नवंबर से 8 नवंबर 2023 तक विविध वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित है सबसे कनिष्ठ वर्ग बिगिनर्स का है जिसमें प्रवेशिका के विद्यार्थियों को सीखने को मिलेगा उसके बाद इंटरमीडिएट यानी कम से कम 5 साल तक कथक सीखे हुए विद्यार्थियों को सिखाया जाएगा एवं एडवांस ग्रुप स्नातक एवं परास्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम की संयोजक संगीता सिन्हा विगत कई वर्षों से लगातार अपने गुरु कथक सम्राट पंडित बिरजू महाराज के सानिध्य में यह आयोजन करती आ रही है इस त्रिदिवसीय कार्यशाला के पश्चात 9 नवंबर 2023 को सनबीम लहरतारा के स्पंदन सभागार में 28वें कत्थक महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा`बनारस के संगीत एवं नृत्य परंपरा को दीर्घता प्रदान करने के उद्देश्य से विगत 27 वर्षों से कथक महोत्सव के माध्यम से कथक नृत्य विधा के प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच प्रदान किया जाता है इस बार सनबीम शिक्षण समूह के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है सनबीम स्कूल लहरतारा परिसर में पत्रकार वार्ता के दौरान सनबीम शिक्षक समूह की उपनिदेशिका अमृता बर्मन एवं मानद निदेशक हर्ष मधोक उपस्थित रहे अमृता बर्मन ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सनबीम हमेशा प्रतिबद्ध है` शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ हम संगीत नृत्य कला के माध्यम से बच्चों में भारतीय संस्कृति का संस्करण करना चाहते हैं और यह बहुत हर्ष का विषय है की विदुषी शाश्वती सेन जैसी कलाकार एवं गुरु हमारे बच्चों को नृत्य एवं तालीम से अवगत कराएंगी मानद निदेशक हर्ष मधोक ने अपनी बात रखते हुए कहा कि नृत्य और क्रीडा दोनों एक दूसरे के पूरक हैं दोनों में अनुशासन संयम एवं आत्मविश्वास की जरूरत होती है इस कार्यशाला में बच्चों को यह तीनों गुण सीखने को मिलेंगे और यह उनके लिए अच्छा अवसर है` संगीता सिन्हा ने इस अवसर पर अपने गुरु पंडित बिरजू महाराज जी को याद करते हुए कहा कि महाराज जी एवं उनकी नृत्य परंपरा अमर है और हम शिष्यों पर अब यह जिम्मेदारी और ज्यादा है कि हम उनकी परंपरा को उनके नृत्य को उनके प्रशिक्षण को हमेशा सजीव रखें। मेरा यह प्रयास है कि मैंने जो कुछ मेरे गुरु जी से सीखा है या जो कुछ मेरे गुरु घराने का है वह ज्यादा से ज्यादा युवा एवं बच्चों तक पहुंचाया जा सके और इसीलिए प्रतिवर्ष यह कथक नृत्य की कार्यशाला एवं कत्थक महोत्सव का आयोजन किया जाता है लगभग 60 से भी अधिक विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला के लिए नामांकित किया है। संगीता सिन्हा ने आशा जगाई कि और भी विद्यार्थी इसका लाभ उठाएंगे सनबीम शिक्षण समूह के अध्यक्ष डॉ दीपक मधोक ने कहा कि सनबीम का उद्देश्य है सेवा करना समाज में शिक्षा एवं संस्कृति की रोशनी को और ज्यादा विस्तार देना और इस कड़ी में ऐसे आयोजन हमारे बच्चों के लिए लाभदायक है। इस वर्ष के कथक महोत्सव में संदीप मलिक,आरव आनंद, मंदिरा पाल, संगीता दस्तिदार, सौरभ पाल एवं शुभम केसरी बतौर कलाकार शिरकत करेंगे इस महोदय मे नटराज संगीत अकादमी के विद्यार्थी भी विशेष प्रस्तुति पं बिरजू महाराज जी को समर्पित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं सम्पादन कुशल मंच संचालक सौरभ चक्रवर्ती करेंगे` इस अवसर पर डॉ दीपक मधोक, भारती मधोक,पं पूरन महाराज, किशन कुमार जालान, भगीरथ जालान जैसे गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

## भाजयुमो ने लगाया वृहद नव मतदाता कैंप

प्रखर रामनगर वाराणसी। भारतीय जनता युवा मोर्चा रामनगर मण्डल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा योगी के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर भाजयुमो रामनगर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने वृहद नव मतदाता कैंप रामनगर चौक पर दोपहर 12 बजे से सांय 4 बजे तक लगाकर नगर में 200 से अधिक नए मतदाताओं का फार्म 6 भरकर निर्वाचन आयोग से जोड़ा कैंप कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह रहें। कैंप के माध्यम से भाजयुमो ने पूर्व में भी 500 से अधिक निर्वाचन फार्म भरकर भेजा था इसबार भी कैंप लगाकर नए मतदाताओं का 200 से अधिक फार्म 6 भरा। कैंप कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा योगी, मण्डल महामंत्री सुचित पाठक, विकास बघेल,मण्डल उपाध्यक्ष आलोक कुमार, विवेक दुबे,शिवम दुबे मण्डल मंत्री अजय प्रताप सिंह,इंदू सिंह,अभिनाश कुमार सिंह, शिल्पा तिवारी, रितुराज चौबे,अभिषेक मिश्रा, बबलू बघेल,ताज कुरैशी व भाजयुमो के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऑल यूपी तरही नातिया कार्यक्रम अपनी शानो शौकत से मनाया गया



प्रखर जौनपुर। शहर के बड़ी मस्जिद के पूर्वी गेट पर एक नातिया मुकाबला अपनी पूरी शानो शौकत से रात भर चला ,जिसमे प्रदेश भर से आई विभिन्न अंजुमनों ने रात भर बेहतरीन नातो को पढ़ कर बेहतरीन शमा बांधा,इस मौके पर अंजुमन रहीमिया ने गुनाहों के अंधेरों में नजर जब कुछ नही आता,वो अकरम है जो तय्यबा का दर हमेशा नजर आता है ने पढ़ा,उक्त नातिया तकाबला अंजुमन चारयारी बड़ी मस्जिद जौनपुर की तरफ से मुनक्कीद किया गया था। मुख्य आयोजक जावेद अजीम ने बताया की यह कार्यक्रम हर पांच साल के अंतराल पर होता है।उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरफराज खान ने अपने वक्तव्य में कहा की इस तरह के कार्यक्रम नौजवानो और नई नस्ल के अंदर इस्लाम की नई रवानी पैदा करता है।शौकत अली मुन्ना राजा ने बताया की शिरकत हुई तमाम अंजुमनो ने दिए गए मिसरे पर कलाम पेश कर प्रोग्राम को कामयाब बनाया, कार्यक्रम के उपाध्यक्ष मास्टर मेराज अहमद कुरेशी ने आए हुए लोगो का शुक्रिया अदा किया।इस मौके पर मुख्य रूप से मुख्तार अहमद प्रधान, हफीज शाह, रियाजुल हक, अरशद कुरैशी, साजिद अलीम, कमालुद्दीन अंसारी, शोएब अच्छु खां, दिलदार आदि मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने मूर्ति स्थल का किया निरीक्षण

### राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद तिराहे पर स्थापित होने वाले महाराणा प्रताप की मूर्ति का तेजी से चल रहा कार्य

प्रखर जौनपुर। राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद तिराहे पर स्थापित होने वाले महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का मुख्यमंत्री द्वारा अनावरण के संभावित कार्यक्रम के तहत रविवार को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव प्रशासनिक अमले के साथ मूर्ति निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित राजपूत सेवा समिति के सदस्य ओम प्रकाश सिंह से मूर्ति की भव्यता और पार्क के सुंदरीकरण पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि पार्क सुंदरीकारण में मै हर संभव मदद करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने पार्क के सुंदरीकारण हेतु इंटर लाकिंग व लाइट की ब्यवस्था का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण कार्य के एक- एक गतिविधि का गहनता से निरीक्षण किया। मौके पर कार्यरत इंजिनियर जनार्दन श्रीवास्तव से भी जानकारी ली। बातचीत के दौरान कहा कि बीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की यह भव्य मूर्ति पूर्वांचल की शान व जनपद की पहचान होगी। समिति के सदस्यों के ऐतिहासिक कार्य की सराहना किया। आश्वासन दिया कि पार्क के सुंदरीकरण में कही से भी कोई कमी नहीं रहेगा। ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि चेतक घोड़े पर सवार महाराणा प्रताप की भव्य गन मेटल की मूर्ति 13 फीट ऊंची होगी जो करीब 6 फीट ऊंचे चबूतरे पर स्थापित की जाएगी। दीपावली बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों मूर्ति का अनावरण का समय मांगा गया है। जौनपुर शहर के पश्चिमी प्रवेश द्वार पर लगने वाली इस मूर्ति से न सिर्फ जौनपुर अपितु पूरे पूर्वांचल का गौरव बढ़ेगा। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट जल राजन चौधरी, राजपूत सेवा समिति के सदस्य दिनेश सिंह बब्बू, रत्नाकर सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, अजीत सिंह, शशि प्रताप सिंह, सिद्धार्थ सिंह, अमर बहादुर सिंह बच्चा, संजय सिंह, विनोद सिंह, मुन्ना सिंह सहित भारी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

## संगीत वहाँ नहीं होता जहां शोर होता है बल्कि संगीत तो मन की शांति का प्रतीक है : संजय उपाध्याय

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बनारस रंग महोत्सव की चतुर्थ संधा की शुरूआत संगीत नाटक अकादमी पुरस्कृत संजय उपाध्याय के मास्टर क्लास से हुई जिसका विषय भारतीय नाट्य परंपरा में संगीत एवं भारत में संगीत नाटक का भविष्य जिसमें उन्होंने बताया कि नाट्य विधा में आलाप,विलाप एवं प्रलाप के महत्व को बतलाया उन्होंने कहा कि हमारी नाट्य संस्कृति बहू रूपक एवं उत्सव धर्मी है कला सृजन के लिए परंपरा में डूबने की नहीं तैरकर निकलने की आवश्यकता है। श्री उपाध्याय ने कहा की संगीत वहाँ नहीं होता जहां शोर होता है बल्कि संगीत तो मन की शांति का प्रतीक है उन्होंने कहा कि जहां दंगा होता है वहाँ संगीत दूर खड़ा रहकर केवल उसने देखता है एक दर्शक द्वारा प्रश्न पूछा गया कि जब सिनेमा का उद्भव हो रहा था तब नाट्य कला की महानता उसे स्वीकृति नहीं दे रही थी पर अब जब हम देखते है कि सिनेमा एवं नाट्य परस्पर एक दूसरे के साथ जुड़कर हाल रहे है किंतु क्या यह नाट्य का पतन नहीं? जिसपर श्री उपाध्याय जिनने बताया कि हमारी संस्कृति सुखांत पद्धति को मानने वाली है तो इन बातों पर ध्यान ना देते हुए कला एवं संगीत के विकास को ही अपना धेय मन्नान चाहिए। अंत में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय वाराणसी केंद्र के छात्रों द्वारा सूयाकांत त्रिपाठी निराला की कुछ पंक्तियाँ सांगीतिक रूप में प्रस्तुत की गई जो की श्री संजय ने उन्हें सिखाई थी समापन में प्रेम चंद होम्बल जी ने संजय जिनका सम्मान पुस्तक एवं अंग वस्त्र देकर किया। कार्यक्रम का संचालन महोत्सव निदेशक गुंजन शुक्ला ने किया` ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित स्व. निर्मल वर्मा की एक कहानी का यह नाट्य मंचन, अपने आप में एक चुनौती है जिस कारण अनेक मंच कलाकारों ने अपनी-अपनी तरह से मंचित किया है। द्वितीय महायुद्ध के उपरांत, युद्ध की विभीषिका अनेक वर्षों तक एक त्रासदी के रूप में पूरे विश्व को प्रभावित करती रही न जाने कितने अपने अपनों से खो गए अनेक रूप से क्रूर आतंक ने लम्बे समय तक अपना साये से मनुष्य मन को भयाक्रांत कर दिया था` युरोप के किसी छोटे नगर में ऐसा ही एक पुरूष जो इस कथा का नायक है जो शायद साठ के दशक में देर रात को एक अज्ञात आदमी (जो मंच पर उपस्थित नहीं है) को अपनी आपबीती सुना रहा है। यह एकाकी पेशंनयाफ्ता नायक अपनी जिन्दगी व्यतीत करते हुए नात्सी लोगों के अमानवीय यातनाओं और अत्याचार का बताता है साथ ही पति- पत्नी के परस्पर संबंधों का अस्तित्व खोजता है प्रेम की पराकाष्ठा, अनभिज्ञता, परस्परता में छिपी रहस्यपूर्ण स्थितियों को टटोलता है अपने अस्तित्व के अस्तित्व से जूझता, भूत को संजोकर उनके साथ खेलता है, प्रेम के अस्तित्व को नकार कर भी स्वीकारता हुआ उनकी अनभिज्ञता के कारण किंकर्तव्यविमूढ जिन्दगी के दर्शन खोजता है। सात्र के अस्तित्ववाद से प्रभावित यह सक्षक्त कहानी युद्ध की त्रासदी से ग्रसित थी` नाटक का निर्देशन डा० संजय मेहता ने किया था और मंच पर एकल प्रस्तुति करते हुए डा० आशुतोष के अभिनय से मानो दर्शक अपने स्थान पर स्तंभित हो गए` नाटक के अंत में दर्शकों की आंखे युद्ध की विभीषिका के प्रभाव से नम थी बातचीत करने पर आयुष सिंह ने बताया की नाटक देखकर उन्हें नातजियो द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध में मचाए गए भीषण विध्वंस का साक्षात्कार नाटक की कहानी के माध्यम से बखूबी उन तक पहुंचा।

## काशी के पावन भूमि पर द्वि-दिवसीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन का शुभारंभ!




प्रखर वाराणसी। भारत को हिन्दू राष्ट्र कैसे घोषित किया जाए इस पर विचार मंथन एवं कार्ययोजना बनाने के उद्देश्य से हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन का शुभारंभ शंखनाद, दीपप्रज्वलन एवं वेदमंत्रपठन से हुआ । हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सद्गुरु (डॉ.) चारुदत्त पिंगळे जी ने कहा कि आज के समय संपूर्ण देश में जिस प्रकार से हिन्दू राष्ट्र की चर्चा हो रही है, उस प्रकार से हिन्दू राष्ट्र के विरोध में अपप्रचार भी किया जा रहा हैं। हम विशुद्ध सनातन धर्म पर आधारित रामराज्य की व्यवस्था के पक्षधर हैं। हमें लोकतंत्र में धर्मनिष्ठ राजकर्ता चाहिए तथा उसे भी राजकार्य करने के लिए धर्मोपयोगी मार्गदर्शन करने की व्यवस्था चाहिए। आनेवाले समय में गांव गांव में हिन्दू राष्ट्र की मांग का उद्घोष होने हेतु अभियान चलाना है । अखिल भारतीय विद्वत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव आचार्य (डॉ.) कामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि हिन्दू राष्ट्र के लिए अलग संविधान बनना चाहिए । भारत के हिन्दू राष्ट्र घोषित होते ही विश्व के किसी भी भाग में स्थित हिन्दुओं के समस्याओं का निराकरण होगा । विश्व के किसी कोने में अगर हमारा हिंदू भाई बहन दुखी होता रहता है तो वह दुख हमें भी होना चाहिए, उसके रक्षा के लिए हमें समर्पित रहना चाहिए। विश्व के हिंदुओं का नेतृत्व हम हिंदुओं का दायित्व है । मंदिरों की सुरक्षा एवं सरकारीकरण से मुक्ति हेतु मंदिर-न्यास परिषद निर्माण करने का आवाहन हिन्दू जनजागृति समिति के धर्मप्रचारक सद्गुरु निलेश सिंगबाळ ने किया। मंदिरों के सुप्रबंधन हेतु अभ्यासक्रम तैयार करके मंदिर प्रबंधकों के लिए शिविर लेने के बारे में सनातन संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. चेतन राजहंस ने बताया। अधिवेशन में हिन्दू जनजागृति समिति के प्रेरणास्त्रोत सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवले जी द्वारा प्रेषित शुभ संदेश का वाचन किया गया । इस के उपरांत संतों के करकमलों से सनातन पंचांग एंड्राईड पंचाग 2024 का विमोचन किया गया । इस अधिवेशन में उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, असम, बंगाल, देहली एवं नेपाल से हिन्दुत्वनिष्ठ सहभागी हो रहे हैं।

## सामान्य ज्ञान अभिरूचि परीक्षा में तनु शुक्ला ने हासिल किया प्रथम स्थान

### स्नेहा दूबे ने द्वितीय और आकांक्षा शुक्ला ने हासिल किया तीसरा स्थान, आदर्श रामलीला समिति हरीपुर के सौजन्य से आयोजित हुई परीक्षा



प्रखर भदोही। आदर्श रामलीला समिति हरीपुर, अभिया भदोही के सौजन्य से आयोजित सामान्य ज्ञान अभिरूचि परीक्षा में तनु शुक्ला प्रथम, स्नेह दुबे द्वितीय और आकांक्षा शुक्ला तीसरे स्थान पर रहे रहीं। परीक्षा में धर्म और सामान्य ज्ञान से प्रश्न पूछे गए थे। आदर्श रामलीला समिति 100 साल से रामलीला का मंचन करती आ रही है। समिति कई वर्षों से सामान्य ज्ञान अभिरूचि परीक्षा का आयोजित करती है। परीक्षा में प्रभु श्रीराम और धर्म से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इस साल भी समिति की तरफ से परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कुल 50 प्रश्न पूछे जाते हैं। कुल 100 अंक की परीक्षा होती है। इस साल आयोजित परीक्षा में कुल 14 अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र लिया था। लेकिन तेरा व्यक्ति परीक्षा में शामिल हुए। सामान्य ज्ञान स्पर्धा में कक्षा 9 से लेकर स्नातक के छात्र -छात्राओं को सम्मिलित होने के अनुमति थी। इस दौरान इंटर तक के छात्र - छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। हरीपुर की तनु शुक्ला प्रथम स्थान पर रही। दूसरे स्थान पूरे दरियाव की स्नेहा दुबे, जबकि तीसरे पर हरीपुर की आकांक्षा शुक्ला रहीं। इसके अलावा छात्र-छात्राओं में प्रतीक्षा दुबे, प्रीतू पाल, निखिल दूबे, सेजल दुबे, नेहा दुबे, अनीश पाल, प्रधि मिश्र, उत्कर्ष मिश्रा, निशांत मिश्रा, उज्जवल पाल शामिल रहे। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओं को समिति की तरफ से 1500 और 1100 और 700 की सहयोग राशि दी गई। इसके साथ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अभिया निवासी सुरेश वर्मा, नीरज वर्मा एवं कृष्णचंद वर्मा की तरफ से इन प्रतिभागों को एक-एक चांदी का सिक्का भी दिया गया। तुलसी देवी बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज अभिया के प्रबंधक दुर्गेश दुबे की तरफ से सभी 13 प्रतिभागियों को 100 का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं प्रथम, द्वितीय और तीसरा स्थान ग्रहण करने वाली लड़कियों को 500-500 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। सभी 13 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और सम्मानजनक राशि भेंट की गई। इस दौरान प्रमोद शुक्ला, दिलीप शुक्ला, श्री प्रकाश सिंह सुनील सिंह, वीरेंद्र कुमार दुबे ने छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया। समिति के बरिष्ठ अभिनेता एवं पत्रकार प्रभुनाथ शुक्ल ने आदर्श रामलीला समिति की तरफ से सभी प्रति भगियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## सूर्या त्रिपाठी बने आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता

प्रखर संतकबीरनगर। आम आदमी पार्टी के शुरूआत के दिनों से ही जुड़े सूर्या त्रिपाठी को आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के बौद्ध प्रांत का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। सूर्या त्रिपाठी ने छात्र संघ से राजनीति मे मजबूती से कदम रखा था और वे 2017 मे छात्र संघ अध्यक्ष के पद का चुनाव लड़ चुके है तथा इससे पूर्व वह पार्टी के प्रदेश सचिव, पूर्वांचल प्रांत के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी, सिद्धार्थ नगर तथा महाराजगंज के प्रभारी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। सूर्या त्रिपाठी को मीडिया मे पार्टी के पक्ष को मजबूती से रखने के कारण पार्टी ने उनको प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। श्री त्रिपाठी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी इस समय देश की एकता और भाईचारे के लिए खतरा बन चुकी है और उनके खिलाफ जो भी आवाज उठाता है उसे सीबीआई और ईडी का डर दिखाया जाता है पर हम डरने वाले लोग नही है, इनका डट कर सामना करेंगे तथा इस कठिन समय मे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उस पर मै पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूँगा और जनता की आवाज उठाता रहूँगा। इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्विजय यादव, महासचिव अजय मिश्रा, मीडिया प्रभारी आलोक श्रीवास्तव, जुनैद अहमद, राजवंत यादव, धर्मेंद्र आर्या, अनुराग, तीरथ आदि लोगो ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए खुशी जाहिर की।

## दलित युवती को बहला-फुसलाकर दूसरे बिरादरी का युवक लेकर हुआ फरार, एससी/एसटी अपहरण का केस दर्ज

प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 20 वर्षीय दलित युवती को दूसरी बिरादरी का युवक बहलाफुसला कर भगा ले गया, युवती की माँ ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि उसकी लड़की बीए में पढ़ती है, बीते 30 अक्टूबर को एक युवक उसे प्रेमजाल में फंसा कर भगा ले गया, काफी खोजबीन के बाद भी वह नही मिली नामजद तहरीर के बाद शनिवार को हरपुर बुदहट पुलिस ने नागेंद्र पुत्र रामअचल पर अपहरण की धारा 366 और एससी/एसटी के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### व्यापारी के निधन पर शोक, बाजार बंद

प्रखर पिंडरा वाराणसी। बरवां बाजार के प्रमुख खाद ब्यवसाई शोभनाथ पटेल (60 वर्ष ) का बीमारी के चलते रविवार को तड़के निधन हो गया। शोक में बरवां बाजार पूर्ण रूप से बन्द रहा। उद्योग ब्यापार मण्डल बरवां के अध्यक्ष विमल पटेल के चाचा व ब्यवसाई शोभनाथ पटेल का बीएचयू में रविवार को तड़के निधन हो गया। निधन पर उद्योग ब्यापार मण्डल के जिला महामंत्री नंदलाल जायसवाल, संरक्षक पंधारी वर्मा, रामू पटेल, डब्लू सेठ , लल्लन प्रजापति, सुरेंद्र पटेल, जितेंद्र सेठ समेत अन्य लोगो ने शोक व्यक्त किया।

### दीपोत्सव में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



प्रखर पिंडरा वाराणसी। महारानी गुलाब कुंवरी महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय पिंडरा में रविवार को दीपोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिवकुंवरी बालिका इंटर कॉलेज एवं स्वराजी बालिका इंटर कॉलेज पिंडरा तथा महारानी गुलाब कुंवरि महाविद्यालय के छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की। दीपोत्सव प्रतियोगिता में छात्राओ ने एक से बढ़ कर एक दीपों को रंगोली से सजाकर दीपदान किया। नए और आकर्षक ढंग से सजे दीपक लोगों को आकर्षित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवकुंवरी की प्रधानाचार्य सबिता दुबे एवं स्वराजी की प्रधानाचार्य कमला देवी रही। स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ छाया पाठक, संचालन डॉ विजया मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन जिलाजीत जैसवारा ने किया। दीपोत्सव कार्यक्रम की संचालिका डॉ राखी अस्थाना रही। इस महाविद्यालय के समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### विज्ञान प्रदर्शनी व नृत्य में स्थान प्राप्त छात्राओं को किया गया सम्मानित




प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में रविवार को अंतर विद्यालयी विज्ञान प्रदर्शनी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। रविवार को विद्यालय परिसर में आयोजित शिक्षक अभिभावकों की बैठक में गत 30 अक्टूबर को बाबतपुर स्थित राज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट में आयोजित अंतर विद्यालयी विज्ञान प्रदर्शनी, समूह नृत्य व पोस्टर मेकिंग में बेहतर प्रदर्शन करने तथा विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम, पोस्टर मेकिंग में द्वितीय तथा समूह नृत्य में तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को प्रबन्धक संजीव सिंह तथा प्रिंसिपल रामानुज यादव ने सम्मानित किया। इस दौरान दिनेश सिंह, आयुष श्रीवास्तव, आरती सिंह, विकास कुमार, संजीव श्रीवास्तव, सुरेश यादव व वीरेंद्र प्रजापति समेत अनेक शिक्षक व अभिभावक रहे।

### मां आशा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं मानव रक्त फाउंडेशन के तत्वाधान में स्व स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम का हुआ समापन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मानस नगर फुलवरिया वाराणसी में स्थित मां आशा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं मानव रक्त फाउंडेशन के तत्वाधान में स्व स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम का समापन किया गया ` कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर भरत भूषण हास्य योग कवि एवं अबू हाशमी जो मानव रक्त फाउंडेशन के सचिव ने किए गए कार्यों का विस्तार पूर्व वर्णन किए तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभाग किए गए प्रतिभागियों को मेडल और सर्टिफिकेट एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में रिसीवर कुमारी मौर्या पहला स्थान, दूसरा स्थान शाश्वत शर्मा, तीसरा स्थान आर्यन प्रजापति ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मानव रक्त के अध्यक्ष अबू हाशमी एवं मां आशा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के निर्देशक योगेश के निदेशों के अनुसार कार्यक्रम की सराहनी किया गया` कार्यक्रम में पॉपुलर हॉस्पिटल के आई केयर सेंटर के डॉक्टर की टीम ने लगभग 200 लोगों की आंखों की जांच किए संस्था के द्वारा निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया कार्यक्रम में उपस्थिति संस्था के कोषाध्यक्ष मनीष कुमार एवं सचिव श्वेता शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन प्रशांत श्रीवास्तव के द्वारा किया गया` धन्यवाद ज्ञापन पुष्पा कुशवाहा के द्वारा किया गया।

### जनसत्ता दल वाराणसी के पुनः जिलाध्यक्ष बनाये गये मनीष सिंह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक कुंडा रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भईया ने मनीष सिंह को पुनः वाराणसी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया` मनीष सिंह को जिला अध्यक्ष नामित किए जाने की जैसे ही जानकारी उनके समर्थकों व पार्टी के कार्यकताओं को हुई जिले में खुशी की लहर दौड़ गई उनके समर्थकों और कार्यकताओं ने जमकर जश्न मनाया व एक दूसरे का मुंह मीठा किया। श्री सिंह को बधाई देने वालों का सिलसिला जारी रहा`मनीष सिंह ने पार्टी का दायित्व पुनः सौंपे जाने पर हाई कमान राष्ट्रीय अध्यक्ष को धन्यवाद दिया और तन मन धन से पार्टी की सेवा और विस्तार का संकल्प लिया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं